दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 309 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 04 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल कैबिनेट की बैठक में कई बड़े निर्णय : राजस्थान जन विश्वास कानून को कैबिनेट की मंजूरी

**पेड़ काटने पर 100 की जगह 1000 रुपए का जुर्माना, जयपुर एयरपोर्ट का अल्टरनेट किशनगढ़, अनुकंपा नियुक्ति के लिए अब 180 दिन में आवेदन, राजस्थान पर्यटन नीति और ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी का हुआ अनुमोदन, पर्यटक सुरक्षा के लिए 24 घंटे कॉल सेंटर**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई बैठक में प्रदेश के विकास को गति देने के लिए और प्रदेश के लोगों की हितों की रक्षा के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए बैठक में 10 दिसंबर को आयोजित होने जा रहे प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह को देखते हुए भी प्रवासी राजस्थानियों के हितों की रक्षा लिए कई तरह के निर्णय बैठक में लिए गए कैबिनेट की बैठक में राजस्थान जन्म विश्वास कानून को मंजूरी मिल गई इस कानून के तहत 11 ऐसे कानून जिसमें सजा का प्रावधान था उनमें सजा की जगह अब इस नए कानून के तहत अर्थ दंड सुनिश्चित किया गया है इस कानून की जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि इस तरह का कानून केंद्र की मोदी सरकार भी लेकर आई थी और केंद्र सरकार ने राज्यों को भी इस तरह का कानून बनाने के लिए प्रेरित किया था इसलिए 11 ऐसे छोटे-छोटे कानून जिसमें सजा का प्रावधान था उनमें सजा के प्रावधान को समाप्त करके अर्थ दंड सुनिश्चित किया गया है इस तरह से छोटे-छोटे कानून को सुव्यवस्थित तरीके से राजस्थान जन विश्वास कानून को तैयार किया गया जानकारी के अनुसार राजस्थान जन विश्वास कानून के बनने से व्यक्ति निर्भीक होकर कानून की पालना कर सकेगा पहले एक पेड़ काटने पर 100 रुपए का अर्थ दंड वसूल किया जाता था अब इसकी जगह 1000 रुपए का अर्थ दंड सुनिश्चित किया गया है अगर कोई दूसरी बार इस तरह का अपराध करेगा तो उस व्यक्ति से डबल 2000 रुपए का अर्थ दंड वसूल किया जाएगा वन अधिनियम में जहां 6 महीने की सजा का प्रावधान था वहां अब सजा की जगह 5000 रुपए जुर्माना वसूल किया जाएगा।



## पर्यटन नीति को मिली कैबिनेट की मंजूरी

कैबिनेट की बैठक में पर्यटन नीति को मंजूरी मिल गई है प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और पर्यटन के क्षेत्र में देश और विदेश के कई उद्योगपति निवेश के लिए भी आगे आ रहे हैं इसलिए पर्यटन के क्षेत्र को और विकसित करने तथा पर्यटन के क्षेत्र का विस्तार करने के लिए सरकार ने नई पर्यटन नीति बनाई है जिसमें प्रदेश में अलग-अलग क्षेत्र में पर्यटक सर्किट भी बनाए जाएंगे इसके अलावा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी बैठक में निर्णय लिया गया तथा राजस्थान के प्रमुख तीज त्योहार को पर्यटन से जोड़ने के लिए भी कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिए गए नई पर्यटन नीति में तीज त्योहार को पर्यटन से जोड़कर पूरी दुनिया में जोरदार तरीके से प्रचार प्रसार करके पर्यटकों को ज्यादा से ज्यादा राजस्थान बुलाने के लिए आकर्षित किया जाएगा इसी उद्देश्य से यह पर्यटन नीति तैयार की गई है तथा इस पर्यटन नीति में पर्यटकों की सुरक्षा उनके स्वास्थ्य परिवहनइत्यादि सभी विषयों पर फोकस रखा गया है इसके अलावा प्रवासी राजस्थानियों को बढ़ावा देने के लिए प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित करने का निर्णय भी कैबिनेट की बैठक में लिया गया पर्यटकों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे कॉल सेंटर संपादित किए जाने का निर्णय भी बैठक में लिया गया धार्मिक स्थलों में पुराने के साथ नए धार्मिक स्थल भी शामिल किए गए हैं स्पेशल टूरिस्ट जॉन भी पर्यटन नीति के तहत बनाया जाएगा शौर्य सर्किट की स्थापना होगी तथा ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी का अनुमोदन भी बैठक में हुआ है छोटे व्यापारियों को ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी से काफी फायदा होगा

## सरकार के 2 साल के कार्यों की जानकारी जनता को देने के लिए जिलों के प्रभारी मंत्रियों को भी दिए गए निर्देश

*कैबिनेट की बैठक में प्रदेश सरकार की ओर से सरकार के 2 साल के पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया जा रहे कार्यक्रम को लेकर भी गंभीरता से सामूहिक मंथन हुआ बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिलों के प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में सरकार ने पिछले 2 साल में जो कार्य किए हैं और जो निर्णय लिए हैं हर क्षेत्र में उन सब निर्णय और कार्यों के बारे में जनता को बारीकी से बताने के बारे में कहा गया है इसके लिए सरकार के मंत्रियों के अलावा पार्टी के विधायकों और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को भी सरकार के कामकाज का प्रचार प्रचार करने के लिए जिम्मेदारी दिया जाना सुनिश्चित किया गया है। बैठक में सभी मंत्रियों ने स्वीकार किया कि सरकार ने पिछले 2 साल में बहुत ही शानदार कार्य किया है इसलिए इन कार्यों का प्रचार प्रसार प्रदेश के कोने-कोने में रह रहे लोगों तक पहुंचाया जाए ताकि लोग सरकार की योजनाओं का फायदा भी उठा सकें और सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी भी हो सके इसलिए इसके लिए मंत्रियों पार्टी के विधायकों और पार्टी के संगठन से जुड़े लोगों को सामूहिक रूप से अपने-अपने क्षेत्र में जनता के बीच जाकर प्रचार प्रसार करने का निर्णय बैठक में लिया गया।*

## जयपुर एयरपोर्ट का अल्टरनेट किशनगढ़ बनेगा

कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के किशनगढ़ एयरपोर्ट को अब जयपुर के एयरपोर्ट के विकल्प के तौर पर तैयार किया जाएगा इसके लिए 15 एकड़ भूमि का अतिरिक्त आवंटन भी इस एयरपोर्ट के लिए किया जाना सरकार ने सुनिश्चित किया है किशनगढ़ एयरपोर्ट का विस्तार करने के लिए सरकार का कहना है कि कई बार जयपुर के सांगानेर एयरपोर्ट पर कई कारण की वजह से वाहनों की लैंडिंग में दिक्कत आ जाती है इसलिए जयपुर क्ले सांगानेर एयरपोर्ट की सुविधा की दृष्टि से किशनगढ़ एयरपोर्ट को विकसित किया जाएगा इसके लिए सरकार 15 एकड़ भूमि निशुल्क तोर पर किशनगढ़ एयरपोर्ट को उपलब्ध करवाएगी।

## अनुकंपा नियुक्ति के लिए अब 180 दिन में आवेदन

अनुकंपा नियुक्ति के लिए वर्तमान में 90 दिन में आवेदन करना जरूरी था जिसे बढ़ाकर अब 180 दिन करने का निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया गया इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकृत अधिकारी को आवेदन किया जा सकता है जानकारी के अनुसार सरकारी नौकरियों में वेटिंग लिस्ट निकलती है उसकी 6 माह तक की वैलिडिटी रहती है उसे अब 1 साल तक बढ़ाया जाएगा।

## आज भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाएगा

नई दिल्ली

**(एंजेसी)।** देश आज भारतीय समुद्री सीमाओं के अदृश्य प्रहरी, भारतीय नौसेना के सम्मान में भारतीय नौसेना दिवस मनाएगा। हर साल 4 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस नौसेना के शौर्य, अनुशासन, त्याग और भारत की समुद्री सुरक्षा में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को समर्पित होता है। भारतीय नौसेना दिवस की तिथि 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में हासिल ऐतिहासिक विजय की याद दिलाती है। 4 दिसंबर 1971 की रात भारतीय नौसेना ने ऑपरेशन ट्राइडेंट के तहत पाकिस्तान के कराची बंदरगाह पर जबरदस्त हमला किया था। इस साहसिक कार्रवाई में पाकिस्तान नौसेना के कई युद्धपोत तबाह हो गए, ईंधन भंडारण टैंक जल उठे और कराची पोर्ट को भारी क्षति पहुँची। खास बात यह रही कि भारतीय नौसेना ने इस ऑपरेशन को बिना किसी नुकसान के पूरा कर दुश्मन को चौंका दिया। इसी ऐतिहासिक विजय के सम्मान में वर्ष 1972 से 4 दिसंबर को पूरे देश में नौसेना दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। इससे पहले नौसेना से जुड़ी



औपचारिकताएँ अलग-अलग तिथियों पर आयोजित होती थीं, लेकिन ऑपरेशन ट्राइडेंट के बाद यह दिन नौसेना के गौरव का स्थायी प्रतीक बन गया। नौसेना दिवस पर आज देशभर में नौसैनिक अड्डों पर ओपन डे, जहाज़ों और युद्धक विमानों के प्रदर्शन, बैंड शो, परेड, प्रेरक व्याख्यान व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। कई स्थानों पर स्कूली बच्चों और युवाओं को नौसेना के आधुनिक उपकरण, तकनीक और संचालन प्रणाली के बारे में जानकारी दी जाएगी। शाम के समय शहीद नौसैनिकों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम, पुष्पांजलि समारोह और प्रेरक वीडियो प्रदर्शन भी किए जाएँगे।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में रिडकोर परियोजनाओं की समीक्षा, 54 ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार कार्य पूर्ण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्य सचिव तथा नव नियुक्त राजस्थान इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (रिडकोर) के अध्यक्ष श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में रिडकोर निदेशक मंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में रिडकोर अंतर्गत संचालित सड़क परियोजनाओं, उनके अनुरक्षण कार्यों और सड़क सुरक्षा उपायों की विस्तार से समीक्षा की गई बैठक में बताया गया कि रिडकोर के तहत कुल 1450 किलोमीटर लंबाई की सड़क परियोजनाएँ आती हैं। इन सड़कों के किनारों पर वर्षा के दौरान हुई क्षति जैसे गड्ढे, रेन कट्स, कंधों की टूट-फूट आदि की मरम्मत के साथ-साथ झाड़ियाँ हटाने, सफाई और अन्य नियमित अनुरक्षण गतिविधियाँ निरंतर जारी हैं। सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स




पर किए गए सुधारात्मक कार्यों की भी समीक्षा की गई। रिडकोर अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर रंबल स्ट्रिप एवं जेब्रा मार्किंग, स्पीड ब्रेकर का निर्माण, ब्लिंकर एवं अन्य सड़क फर्नीचर की व्यवस्था, सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, झाड़ियों व अतिक्रमणों को हटाने, अनाधिकृत मीडियन कट्स को बंद करने तथा धीमी गति से चलने वाले वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टिव स्टिकर्स लगाने जैसे कार्य किए गए हैं। रिडकोर परियोजनाओं की सड़कों पर चिन्हित कुल 54 ब्लैक स्पॉट्स पर सभी आवश्यक सुधार कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं और वर्तमान में कोई मामला लंबित नहीं है। बैठक में भिवाड़ी टोल प्लाज़ा (किमी 221+350) से टपूकड़ा (किमी 212+800) तक मौजूदा चार लेन सड़क को छह लेन में अपग्रेड करने की परियोजना की प्रगति की जानकारी दी गई। 74.90 करोड़ की इस परियोजना में राज्य सरकार एवं रीको का 50-50 प्रतिशत अंशदान है। रीको द्वारा अपने हिस्से की सहमति के बाद 46.57 करोड़ के सिविल कार्य तथा 5.98 करोड़ के विद्युत उपयोगिता स्थानांतरण के लिए प्राप्त निविदाएँ कार्यान्वयन हेतु संसाधित की जा रही हैं। साथ ही, भिवाड़ी-अलवर मेगा हाईवे पर स्थित मौजूदा टोल प्लाज़ा (किमी 221+350) को ग्राम मसीत (किमी 210+485) पर स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। राज्य सरकार द्वारा ?26.20 करोड़ की अनुमानित लागत के विरुद्ध ?14.45 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति 0.809 हैक्टेयर अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण हेतु जारी की जा चुकी है और भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रगति पर है। बैठक में रिडकोर बोर्ड के सरकारी नामांकित सदस्य तथा आईएल एंड एफएस के नामित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कोमल हृदय वाले भजनलाल शर्मा ने मंच से उतरकर दिव्यांगों को लगाया गले और किया पुरस्कृत

**जयपुर में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय विशेष योग्यजन सम्मान समारोह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और अन्य बड़े अधिकारी भी रहे मौजूद**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कितने कोमल हृदय वाले इंसान हैं इसका एक और उदाहरण बुधवार को जयपुर में हरिशचंद्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय विशेष योग्यजन सम्मान समारोह में देखने को मिला जब उन्होंने कार्यक्रम में मंच से नीचे अपने सामने दिव्यांग जनों बैठे हुए देखा तो वह तमाम तरह के प्रोटोकॉल को तोड़कर मंच से नीचे उतरे और मुस्कुराते हुए उन्होंने एक-एक दिव्यांगजन को गले लगाया और उनसे काफी देर तक आत्मीय भाव से बातचीत की उनकी समस्याओं को पूछा और उनका हौसला भी बढ़ाया इस मौके पर भजन लाल शर्मा ने दिव्यांग जनों को स्कूटी और अन्य संसाधन भी वितरित किए तथा दिव्यांगजनों को पुरस्कार भी दिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज खेल जगत से लेकर शिक्षा विज्ञान संगीत कला और तकनीक सहित हर क्षेत्र में दिव्यांग जनों ने अपनी प्रतिभा साबित की है इन्हें आगे बढ़ाने के समान अवसर उपलब्ध करवाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हम अपने आसपास रह रहे दिव्यांग जनों की प्रतिभा को पहचानते हुए इनका सहयोग करें जिससे उनकी विशेष योग्यता का लाभ समाज को मिल सके तथा एक समावेशी समाज का निर्माण हो उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि राजस्थान दिव्यांग जनों के लिए सबसे सुगम्य और संवेदनशील राज्य बने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सम्मानित होने वाले विशेष योग्य जनों एवं संस्थाओं को बधाई देते हुए कहा कि इसे विशेष योग्य जनों को सशक्त बनाने के संकल्प को गति मिलेगी उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1992 में हर वर्ष तीन दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाने की घोषणा की थी जिसे दिव्यांग जनों के अधिकारों की रक्षा समान अवसर तथा समाज में समावेशी सोच का प्रचार हो मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष योग्यजन अपने भीतर विशेष योग्यता रखते हैं यह अपनी अदम्य इच्छा शक्ति दृढ़ संकल्प और मेहनत से हर सीमा को पार करने का साहस भी रखते हैं इनमें वह हुनर और जज्बा होता है जो किसी सामान्य व्यक्ति में नहीं होता उन्होंने कहा कि पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने देश और प्रदेश को जो सम्मान दिलाया है वह उनकी ऊर्जा और क्षमता का प्रमाण है उनकी सफलता की कहानी हम सभी को प्रेरित करती है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा है देश में एक ऐसे समावेशी समाज की स्थापना करना है जिसमें किसी व्यक्ति की शारीरिक चुनौतियों उसकी राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए रुकावट ना बन सके उन्होंने अपनी इसी सोच के साथ सुगम्य भारत अभियान जैसी ऐतिहासिक पहल की है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगजन अधिनियम के माध्यम से विकलांगता की परिभाषा को 7 श्रेणियां से बढ़कर 21 श्रेणियां तक किया है इसमें एसिड अटैक सरवाइवर को भी शामिल किया गया है यह कानून दिव्यांग जनों को आत्मनिर्भर बनाने एवं सामाजिक धारणाओं को बदलने में मददगार साबित हो रहा है दिव्यांगजन हमारे समाज की अमूल्य निधि है इनके कल्याण के लिए प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही है उन्होंने कहा कि राज्य में विशेष योग्यजन के लिए मोटराइज्ड ट्राई साइकिल स्मार्टफोन व्हील चेयर ट्राई साइकिल पेंशन इत्यादि से जुड़ी योजनाएं संचालित की जा रही है उन्होंने कहा कि हमने विद्यार्थियों एवं स्वर रोजगार करने वाले दिव्यांग जनों को गत वर्ष 2000 स्कूटी वितरित की है तथा इस वर्ष दिव्यांग जनों को ढाई हजार स्कूटी विस्तृत की जा रही है साथ ही दिव्यांग जनों के लिए प्रदेश भर में विभिन्न क्लस्टर बनाए गए हैं राज्य सरकार ने पिछले साल दिव्यांग जनों को 15000 अंग उपकरण वितरित किए थे और इस वर्ष एक 1 लाख अंग वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है उन्होंने कहा कि मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी दुर्लभ बीमारी से पीड़ित लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए राज्य में पहली बार इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर का वितरण किया जा रहा है साथ ही विशेष योग्य जनों के लिए संचालित आवासीय संस्थानों का मेष भत्ता 2500 से बढ़कर 3250 रुपए प्रति आवासीय कर दिया गया है।

## यूनिक डिसेबिलिटी पहचान पत्र जारी करने में राजस्थान पूरे देश में अव्वल- अविनाश गहलोत

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिव्यांग जनों के पुनर्वास शिक्षा स्वास्थ्य विधिक सहायता एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों का चीनी कारण एवं प्रमाणीकरण करवा कर यूनिक डिसेबिलिटी पहचान पत्र जारी करने में राजस्थान देश भर में अग्रणी राज्यों में शामिल है इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांग जनों को सम्मानित किया साथ ही उन्होंने विशेष योग्य जनों को स्मार्टफोन श्रवण यंत्र एवं स्मार्ट क्रेन भी वितरित किए इससे पूर्व उन्होंने दिव्यांग जनों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशेष योग्य जनों को स्कूटी वितरण एवं अंग उपकरण भी वितरित किए। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक एवं न्याय विभाग अर्पण अरोड़ा विशेष योग्यजन निदेशालय आयुक्त इकबाल खान सहित कई अधिकारी और बड़ी संख्या में विशेष योग्यजन उपस्थित थे।

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
4 दिसम्बर, 2025

# जिला कलक्टर ने ली जिले के आधारभूत संरचनागत कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक

## इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करावें - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में प्रगतिरत इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने आरएसआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इत्यादि विभागों के आधारभूत संरचनागत कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर समस्त कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के सड़क संबंधी रेस्टोरेशन, मिसिंग लिंक, प्रगतिरत सडक निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि समस्त कार्यों को और अधिक गति देकर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को इनका लाभ यथाशीघ्र मिल सके। उन्होंने भवन निर्माण कार्यों जिनमें प्रतापगढ़, मालाखेड़ा व कठूमर कॉलेज भवन निर्माण, प्रतापगढ़, लक्ष्मणगढ़ व रामगढ़ में तहसील भवन निर्माण, राजगढ़ कोर्ट कांप्लेक्स निर्माण कार्य सहित छात्रावास एवं खेल स्टेडियम निर्माण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की शिशु चिकित्सालय में पीडियाट्रिक ब्लॉक उन्नयन के कार्य के लिए यथासमय अवशयक प्रक्रिया पूर्ण करावें। जिला कलक्टर ने आरएसआरडीसी को जिला चिकित्सालय में 100 बेड भवन निर्माण कार्य को 31 दिसंबर तक पूर्ण कराने तथा क्रिटिकल केयर निर्माण कार्य, अप्रोच रोड सहित अन्य कंस्ट्रक्शन संबंधित कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमओ को जिला चिकित्सालय में संचालित रिनोवेशन कार्यों को फेजवार पूर्ण कराने तथा सीएमएचओ को 15 वें वित्त कमीशन के शेष सात कार्यों को भूमि आवंटन सहित अन्य प्रक्रिया पूर्ण कर प्रारंभ कराने के निर्देश दिये। बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक लक्ष्मण सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सीमा कुमारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला चिकित्सालय में ट्रॉमा सेंटर व बीपीएचयू का भूमि पूजन

### 2 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(निसं.)** महिला चिकित्सालय में बुधवार को ट्रॉमा सेंटर और बीपीएचयू निर्माण का भूमि पूजन भाजपा नेता बन्ना राम मीणा और चिकित्सा प्रभारी डॉ. रमेश मीणा की मौजूदगी में किया गया। एनआरएचएम अभियंता शिवराम जाटव व टीम ने पहले परियोजना को अंतिम रूप देकर भूमि की पैमाइश की थी भूमि पूजन के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर से क्षेत्र को बेहतर आपातकालीन सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, सरपंच सीमा मीणा सहित कई लोग उपस्थित रहे। डॉक्टरों के आवास को लेकर एसडीएम सीमा मीणा ने सहयोग का आश्वासन दिया।

## अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांगजन के अवसर पर दिव्यांगजनों को व्हील चैयर एवं उपकरण किए वितरित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांगजन के अवसर पर श्री चन्द्रप्रभु दिव्यांग कल्याण समिति में आयोजित कार्यक्रम में निर्मला देवी को इलेक्ट्रॉनिक व्हील चेयर, मोनू जाट को स्मार्ट फोन एवं श्री कृष्ण सेवा संस्थान को जिला कलक्टर द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही विभाग द्वारा कार्यक्रम में अन्य दिव्यांगजनों को आवश्यकतानुरूप अंग उपकरणों का वितरण किया गया। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा अधिकारी उमरैण राजेन्द्र प्रसाद मीणा, श्री चन्द्रप्रभु दिव्यांग कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, सीताराम शर्मा, हरीश कालरा सहित बडी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद रहे।

## राधा ज्वेलर्स लूटकांड में पुलिस ने दो और आरोपी किए गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** शहर के शिवाजी पार्क थाना क्षेत्र के राधा ज्वेलर्स के यहां कट्टे की नोक पर हुई लूट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो और शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस वारदात में पुलिस पहले ही एक आरोपी को पकड़ चुकी थी, जिसके बाद लगातार जांच और साक्ष्य जुटाने में टीम लगी हुई थी। एडिशनल एसपी शरण कांबले ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के नाम विक्रम उर्फ मोनू और मोहित उर्फ मौली हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और दोनों लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय रहे हैं। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद से ही आरोपियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। सर्विलांस, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों को दबोचने में सफलता हासिल की है।

## श्रद्धा और जयकारे के साथ बाबा भैरव के विशाल अन्नकूट महोत्सव में श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के शिवपुरा मोहल्ला रत्ती का कुआं, केडलगंज में बुधवार को भैरू बाबा का पांचवां विशाल अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भैरू जी के दर्शन किए एवं आशीर्वाद लिया। अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम सुबह शुरू हुआ। आयोजन समिति के सदस्य नरेश धारवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी बुधवार को रत्ती का कुआं पर भैरव बाबा के मंदिर पर पांचवा विशाल अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर में बाबा भैरव जी को पहले चोला चढ़ाया गया, इसके बाद बाबा की झांकी सजाकर आरती की गई। वही अन्नकूट प्रसादी का भोग लगाया गया। जयकारे के साथ सर्वप्रथम कन्याओं को और फिर सभी श्रद्धालुओं को पंगत में बिठाकर प्रसाद खिलाया गया। इस अवसर पर विजय सिंह, अशोक कुमार, अनिल, मुकेश, रमेश, सन्नी, हनी, पवन, अनिल शर्मा, कोमल, हिमांशु, पीयूष धारवाल, हरीश शर्मा, भारत शर्मा, विकास सहित अनेक क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों को वितरित किए 160 सहायक उपकरण, उत्कृष्ट सेवा करने वालों का सम्मान

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा।** भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को निशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु परीक्षण शिविरों का आयोजन 11 नवंबर 2024 से 21 नवंबर 2024 के बीच विभिन्न ब्लॉक स्तरों पर किया गया था। इन शिविरों में कुल 135 दिव्यांगजनों का चयन विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरणों के लिए किया गया। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजकीय अम्बेडकर बालक छात्रावास, हरसौली रोड, खैरथल में उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने कर कुल 160 सहायक उपकरणों का निशुल्क वितरण किया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी सहित अन्य अतिथिगणों ने नरसी राम शास्त्री, संजीव कुमार यादव, प्रताप सिंह, रवि दासवानी तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नीरज भडाना को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गजराज यादव, नीरज भडाना, अंकित, सौरभ सिंह, नवीन यादव, विश्वेन्द्र, विक्रम एवं आशा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

### उर्वरक वितरण संबंधी शिकायत होने पर करें कृषि विभाग के अधिकारियों व कंट्रोल रूम को सूचित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने के उद्देश्य से जिला स्तर पर ब्लॉकवारी नरीक्षक प्रभारी नियुक्त कियेजाकर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है एवं जिले से बाहर यूरिया अन्य राज्यों में आपूर्ति नहीं हो इसके लिए नियंत्राण हेतु सीमावर्ती क्षेत्र में कार्मिकों का मनोनयन किया गया है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा ने बताया कि ब्लॉक रैणी, थानागाजी, उमरैण, मालाखेडा, राजगढ में किसी स्थान पर उर्वरक वितरण संबंधी शिकायत मिलने पर प्रभारी विश्राम मीणा सहायक निदेशक कृषि विस्तार राजगढ मो.नं. 8949027478 पर एवं ब्लॉक गोविन्दगढ, रामगढ, कठूमर, लक्ष्मणगढ के प्रभारी मंगतुराम शर्मा सहायक निदेशक कृषि विसतार अलवर मो.नं. 9413024114 पर एवं जिला कंट्रोल रूम नं. 8890435224 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने उर्वरकों का समान रूप से पारदर्शिता के साथ वितरण कराने और उर्वरक वितरण में अनियमितता बरतने वाले विक्रेताओं, जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए निरीक्षकों को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि जिले के किसानों को समान रूप से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कृषकों को पंक्तिबद्ध किया जाकर उर्वरकों का वितरण प्रशासन के सहयोग एवं विभागीय कार्मिकों की देखरेख में किया जा रहा है। उन्होंने जिले के किसानों से आग्रह किया है कि कृषि आदान विक्रेताओं से उर्वरक क्रय करने के लिए अपना आधार कार्ड एवं जमीन से संबंधित दस्तावेज (जमाबंदी) साथ लेकर जावे। जिले के किसान किसी कम्पनी विशेष के यूरिया के प्रति रूझान नहीं रखे। सभी कम्पनियों का यूरिया समान होता है जिसमें 46 प्रतिशत नाइट्रोजन होती है एवं मोटे या बारीक दाने वाले यूरिया से फर्क नहीं पड़ता है। मोटा दाना धीरे-धीरे पिघलता है जो फसल के लिए ज्यादा लाभदायक है। केवल पंजीकृत आदान विक्रेताओं से ही कृषि आदान क्रय करें।

## शुध्द आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत की गई कार्यवाही

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर एवं जिला कलेक्टर अलवर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉक्टर योगेंद्र शर्मा के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आयुक्त के निर्देशानुसार पूर्व में ऐसे खाद्य प्रतिष्ठान जिनके नमूने असुरक्षित श्रेणी के पाए गए थे उनके दोबारा नमुनीकरण के आदेश प्राप्त हुए हैं जिसके तहत इरफान डेयरी खिलोरा रामगढ़, मुबारक डेयरी खिलौरा रामगढ़, ॥च डेयरी खिलौरा रामगढ़, आरके डेयरी, खिलौरा रामगढ़, से एक-एक पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया मुबारक डेयरी से करीब 70 लीटर दूषित दूध को नष्ट कराया गया एवं हक डेयरी से करीब 100 लीटर दूसित दूध को नष्ट कराया गया ॒च डेयरी, खालसा नगर रामगढ़ से एक पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया, लिए गए उक्त नमूने अगर दोबारा असुरक्षित श्रेणी के पाए जाते हैं तो उक्त प्रतिष्ठानों के लाइसेंस को निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी, किरण की दुकान ताराचंद्र राकेश कुमार गोविंदगढ़ मोड रामगढ़ से एक सरस घी का नमूना जांच हेतु लिया गया एवं करीब 500 द्वग्ध के 11 पैकेट जप्त किए गए, उक्त कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव गोयल, जय सिंह यादव, अशोक लखेरा एवं विश्व बंधु गुप्ता उपस्थित रहे।

## भागवत कथा का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)** बाबा विश्वनाथ महाराज की 39वीं पुण्यतिथि पर चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा वाचक सुखनाथ महाराज कोलायत ने कहा कि जीवन मे जो भी दान दो, वह श्रेष्ठ होना चाहिए। दान दिखावे के लिए, किसी की जरूरत को पूरा करने के लिए देना चाहिए। सरदारशहर बाईपास रोड स्थित विश्वनाथ बगीची में महंत सुखनाथ महाराज के सानिध्य में चल रही कथा में महाराज ने कहा कि वर्तमान में दान की आवश्यकता मनुष्यों से ज्यादा गायों को है। गाय में सभी देवी-देवताओं का वास होता है, इसलिए इसकी सेवा से सभी देवता प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम स्मरण करने से जीवन में निखार आता है तथा इससे हमारे सभी संकट दूर हो जाते हैं। रोगी के रोग एवं पापियों के पाप नष्ट हो जाते हैं। श्रद्धापूर्वक भगवान का नाम गुणगान करें, तो जीव ब्रह्ममय हो जाता है। कलियुग में केवल भगवान के नाम का जप ही भव सागर पार कराने वाला है। महाराज ने बुधवार की कथा में भीष्म पितामह एवं कृष्ण संवाद सहित विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डाला। कथा के प्रारंभ में सुखाराम भारी दंपत्ति ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर घीसाराम बबेरवाल, प्रकाश पारीक, भंवरलाल दर्जी, मोहनलाल चनणिया, मंगतूराम चौधरी, गुलाब कम्मा, मनोज जांगिड़, ओमप्रकाश प्रजापत, गिदाराम सिहाग, ईश्वरचंद बबेरवाल, भंवरलाल प्रजापत, दामोदर इंदौरिया, गिरधारीलाल सिहाग, विनोद पारीक सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कथा के अंतर्गत शतचंडी यज्ञ का आयोजन भी पंडित गोपाल बोचीवाल के सानिध्य में किया जा रहा है, जिसके मुख्य यजमान विकासचंद्र शास्त्री थे।

## कृषकों को कृषि कार्य को बढ़ावा देने के लिए किराए पर उपलब्ध होगें कृषि यंत्र

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)।** आधुनिक कृषि में कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए कृषि यंत्रिकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण है। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार जिला परिषद प्रभुदयाल शर्मा ने बताया कि यंत्रिकरण के लिए दृष्टिगत कृषकों को विशेष रूप से लघु सीमान्त श्रेणी के कृषकों तक महंगे कृषि यंत्र उपकरण ट्रैक्टर, थ्रेसर, रोटावेटर, कल्टिवेटर, डिस्क हैरो, सीड कम फर्टिलाईजर ड्रिल, किराए पर उपलब्ध कराया जाकर कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से केन्द्र प्रवर्तित एसएमएएम योजना में वर्ष 2024-25 में जिले में 22 ग्राम सेवा सहकारी समितियों, एक कय विक्रय सहकारी समिति, एक कृषक उत्पाद समूह एवं 3 राजीविका मिशन द्वारा कलस्टर 'लेवल फेडरेशन के तहत कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापित है। संबंधित क्षेत्र के किसान भाई उराई, बुवाई, थ्रेसिंग की आवश्यकता होने पर राजकिसान पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर बाजार भाव से कम दरों पर ट्रेक्टर मय उराई मशीन, जोत मशीन, रोटावेटर डिस्क हैरो, थ्रेसर इत्यादि किराए पर लेकर सस्ती दरों पर इनका उपयोग कर सकते है। उन्होंने बताया कि सभी किसान भाईयो से निवेदन है कि इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाये, इन सीएचसी में जो किराए की आय होगी उस आय का भाग भी किसानों की सुविधा के हित में ही खर्च होगा। कृषि विभाग द्वारा अनुदानित, पोषित सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाये। उन्होंने बताया कि यह सुविधा ग्राम सेवा सहकारी समिति, दूबरा, बोथपुरा, कोलूआ, पहाड़ी, सुन्दरपुर, बसईनबाव, मनियां, मांगरोल, मरैना, सोमली, कुम्हेरी, नुनहेरा, राजाखेड़ा, देवखेड़ा, छीतापुरा, हिनौता, सैपऊ, बिरौंदा टांडा, धुर वास, उमरे, कांसपुरा, क्रय-विक्रय सहकारी समिति राजाखेड़ा, बजरंग मस्टर्ड प्रोड्यूसर कम्पनी पिपहेरा, सहेली प्रगति राजीविका बसईनबाव, सहेली संकल्प राजीविका सेवा का पुरा, चम्बल धारा राजीविका जाटौली उपलब्ध है।

## एच पी काबरा गर्ल्स कॉलेज में लियो क्लब सुरभि का गीता जयंती कार्यक्रम

### श्रीमद्भागवत गीता प्रबंधन कला का उत्कृष्ट ग्रन्थ है - योगी रमणनाथ

जयपुर टाइम्स



**कुचामन सिटी(निसं.)** कुचामन विकास समिति द्वारा संचालित एच पी काबरा गर्ल्स में लियो क्लब सुरभि द्वारा गीता जयंती का पावन कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश और 'कर्म ही जीवन है' का संदेश सभी तक पहुँचाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने गीता के श्लोकों का वाचन , भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और प्रश्नोत्तरी में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। द्वितीय सत्र में सद् संस्कार समिति के अध्यक्ष योगी रमणनाथ महाराज ने बताया कि श्रीमद्भागवत गीता केवल आध्यात्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन को संचालित करने की प्रबंधन कला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है । गीता हमें सिखाती है कि– सत्य और धर्म के मार्ग पर चलकर ही जीवन में विजय प्राप्त की जा सकती है। फल की इच्छा से दुर रहकर कर्तव्य पथ पर अग्रसर होने से निर्णय की स्पष्टता के साथ कार्यों को मजबूती मिलती है । श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि नेता आदेश देने वाला नहीं बल्कि प्रेरणा और दिशा देने वाला होना चाहिए । उन्होंने बताया कि नेतृत्व का आदर्श भी गीता में निहित है उन्होंने लक्ष्य, टीम वर्क, लोक कल्याण और निस्वार्थता के बारे में विस्तार से जानकारी दी । लॉयन श्याम सुन्दर मंत्री ने योगी रमणनाथ महाराज के बारे में छात्राओं को बताया । लियो क्लब सुरभि की अध्यक्ष लक्षिता पारीक ने महाराज को लियो क्लब सुरभि के सेवा कार्यों के बारे मे जानकारी दी । प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार ने गीता के संस्कार के बारे में छात्राओं को मार्गदर्शन दिया । भगवती मेडम ने बताया कि इस कॉलेज में संस्कार के कार्यक्रमों से छात्राओं में आत्मविश्वास के साथ निखार भी आया है ।

## पार्वती बांध से किसानों को सिंचाई के लिए मिलेगा पर्याप्त पानी-जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** पार्वती आंगई बांध जल वितरण समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में नहर कोठी बसेड़ी में आयोजित की गई। पार्वती सिंचाई परियोजना के चैयरमेल, जल उपयोक्ता संगमों के अध्यक्षों एवं किसानों के साथ हुई बैठक में पार्वती बांध परियोजना की मुख्य नहर को 9 दिसम्बर मंगलवार को खोलने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में पार्वती बांध में 3902.56 एमसीएफटी पानी उपलब्ध है। जिसमें से डेड-स्टोरेज 435.86 एमसीएफटी है एवं पेयजल हेतु 200 एमसीएफटी है जिसमें से सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी की मात्रा 3227.68 एमसीएफटी है। पार्वती बांध की मुख्य नहर को इसकी अधिकतम क्षमता पर संचालित करने पर नहर को कुल 106 दिनों के लिए चलाया जा सकेगा। पार्वती बांध के नहरी तंत्र के मुख्य नहर एवं 49 माईनरों के माध्यम से धौलपुर जिले की कुल 24667 हैक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी। जिला कलक्टर ने किसानों से पानी का सदुपयोग करने एवं कम पानी की पैदावार वाली फसलें करने की सलाह दी। उन्होंने नहर चलने के दौरान सम्बन्धित सहायक एवं कनिष्ठ अभियन्ता सिचाई को निरन्तर मौके पर पहुंचकर जल वितरण की निगरानी के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों से जल वितरण व्यवस्था में सहयोग देकर नहरों के अन्तिम छोर तक के किसानों को पानी उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी सुरेन्द्र सिंह, बसेड़ी विधायक संजय जाटव, जिला अध्यक्ष भाजपा राजवीर सिंह राजावत, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई राजीव अग्रवाल, अधिशाषी अभियन्ता राजकुमार सिंघल, गजेन्द्र सिंह सहित अन्य अध्यक्ष एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारी तथा किसान उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय में चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह और राज्य मंत्री मंजू बाघ मार ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में बुधवार को चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और राज्य मंत्री मंजू बाघ मार ने प्रदेश बरसे आए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना और फिर उनके निराकरण के लिए सरकारी स्तर पर आवश्यक प्रयास शुरू किया । सरकार के इन दोनों मंत्रियों की जनसुनवाई के दौरान प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े नेता भी मौजूद रहे दोनों ही मंत्रियों ने भाजपा के कार्यकर्ताओं से बहुत ही अच्छे माहौल में बातचीत की और मंत्रियों ने एक-एक कार्यकर्ता से मुलाकात करके उसकी समस्या को सुना जो समस्याएं हाथों हाथ हाल हो सकती थी उनके निवारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत ही निर्देशित किया गया तथा जो समस्याएं हाथों-हाथ हल नहीं हो सकती थी उनके निराकरण के लिए मंत्रियों ने कार्यकर्ताओं को पूरा भरोसा दिलाया और कहा कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार हर तरह से प्रयास करेगी जानकारी के अनुसार गत सोमवार से ही प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों की ओर से जनसुनवाई कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है सप्ताह के तीन दिन सोमवार मंगलवार और बुधवार को राजस्थान सरकार के मंत्री बारी-बारी से प्रदेश भाजपा





कार्यालय में बैठकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के समस्याओं का निवारण करेंगे इस क्रम में बुधवार को चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और राज्य मंत्री मंजू बाघ मार ने भाजपा



कार्यकर्ताओं से अच्छे माहौल में अच्छे व्यवहार से बातचीत करके उन्हें यह भरोसा दिलाया कि सरकार उनके मान सम्मान में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी और उनकी हर समस्या का सरकार निवारण करेगी ।

## *चिकित्सा के क्षेत्र में केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने अब तक काफी कार्य किया है- गजेंद्र सिंह खींवसर*

*प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि राजस्थान में चिकित्सा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा कार्य हुए हैं केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में खूब पैसा मंजूर किया है जिसके फल स्वरुप कई बड़ी योजनाएं राजस्थान में चिकित्सा के क्षेत्र में संचालित हो रही है उन्होंने मीडिया से कहा कि मीडिया जगत से जुड़े लोग कभी भी उनसे जाकर इस मामले में बैठकर बात कर सकते हैं इसके लिए एक दिन पहले उनसे समय लेकर मीडिया जगत से जुड़ा व्यक्ति उनसे जाकर सवाल जवाब कर सकता है बे हर सवाल का जवाब देंगे और यह भी बताएंगे कि चिकित्सा के क्षेत्र में केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार ने अब तक कितने ऐतिहासिक कार्य किए हैं जिसका फायदा प्रदेश की जनता को मिल रहा है*

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ऐतिहासिक पहलः राज्य मंत्री मंजू बाघमार

प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान राज्य मंत्री मंजू बाघमार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जमकर प्रशंसा की और कहा कि प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों की ओर से जनसुनवाई कार्यक्रम के आयोजन का शुभारंभ करवा कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनता को यह भरोसा दिलाया है कि सरकार उनकी हर समस्या के निवारण के लिए कृत संकल्प है उन्होंने कहा है कि इस कार्यक्रम से पार्टी के कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह का संचार हुआ है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को यह संदेश दिया है कि सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और सरकार उनकी हर समस्या के समाधान के लिए तत्पर है ।

## रेलवे में तत्काल टिकट के लिए अब ओटीपी बताने का निर्णय हो सकता है लागू



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय रेलवे आगामी दिनों में तत्काल टिकटों के लिए खिड़की पर ओटीपी आधारित प्रणाली लागू करने की योजना बना रही है। आम यात्रियों के लिए सुविधा को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से रेलवे द्वारा इस ओटीपी-आधारित तत्काल आरक्षण प्रणाली को प्रस्तावित किया है। सबसे पहले रेलवे ने जुलाई 2025 में ऑनलाइन तत्काल टिकटिंग के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण शुरू किया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में सभी आरक्षित टिकट प्राप्त करने के पहले दिन की ऑनलाइन बुकिंग के लिए ओटीपी-आधारित आरक्षण प्रणाली लागू की गई। यह दोनों पहल आम उपयोगकर्ताओं द्वारा सफलतापूर्वक अपनाई गईं जिससे आरक्षण प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित हुई। रेलवे ने 17 नवंबर 2025 को आरक्षण काउंटरों पर ओटीपी-आधारित तत्काल आरक्षण प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। वर्तमान में यह प्रणाली कुल 52 ट्रेनों तक विस्तारित की जा चुकी है। इस व्यवस्था के तहत जब कोई यात्री काउंटर पर तत्काल टिकट बुक कराता है, तो आरक्षण फ़ॉर्म में दिए गए मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी भेजा जाता है। सफल ओटीपी सत्यापन के बाद ही टिकट की पुष्टि की जाती है। आगामी दिनों में यह ओटीपी-आधारित तत्काल आरक्षण प्रणाली सभी शेष ट्रेनों पर लागू कर दी जाएगी। इस पहल का उद्देश्य तत्काल कोटे के दुरुपयोग को रोकना और वास्तविक यात्रियों को उच्च मांग वाले टिकटों तक बेहतर पहुँच प्रदान करना है। यह रेलवे टिकटिंग में पारदर्शिता यात्री सुविधा और सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## खेलते खेलते 4 साल का बच्चा नहर में गिरा, बालक की लाश बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के भीलवाड़ा जिले में आसींद इलाके में मानसिंह का खेड़ा में 4 साल का बच्चा खेलते खेलते खारी बांध में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई जानकारी के अनुसार बांध के नजदीकी बच्चे का मकान था जहां वह मकान के सामने खेल रहा था खेलते खेलते ही उसका पांव फिसल गया जिसकी वजह से खारी बांध में गिर गया परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाथों-हाथ ही बालक की नहर में तलाश शुरू की ग्रामीण और गोताखोरों की मदद से करीब 1 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद बालक जिंदा नहीं मिला बल्कि उसकी लाश मिली जिसे देखकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया मृत बालक का नाम सिद्धार्थ बताया गया है नहर के नजदीकी बालक का मकान था इसलिए यहां गौर करने वाली बात यह है कि जब मकान नहर के नजदीकी स्थित है तो फिर इस अवस्था में मकान मालिकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने छोटे बच्चों का पूरा ख्याल रखें इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी ऐसी जगह पर तारबंदी या अन्य कोई सुरक्षा के मजबूत प्रबंध करने चाहिए जिसकी वजह से छोटे बच्चे इस तरह से हादसे का शिकार ना हो इसके लिए जरूरी यह भी है कि स्थानीय लोग अपने स्तर पर भी यहां सुरक्षा के प्रबंध कर सकते हैं अगर यहां पर छोटे बच्चों की सुरक्षा के प्रबंध पहले से ही होते तो आज सिद्धार्थ की इस तरह से मौत नहीं होती जानकार लोगों का कहना है कि इस हादसे में कहीं ना कहीं संबंधित विभाग की तरफ से तो लापरवाही या कमी कहीं जा सकती है लेकिन इसके लिए स्थानीय लोग भी जिम्मेदार हैं जब उन्हें यह पता है कि मकान के नजदीक ही नहर गुजर रही है तो फिर कहीं ना कहीं छोटे बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए कुछ इस तरह के प्रबंध जरूर करने चाहिए जिससे छोटे बच्चे इस तरह से नहर में गिरने से बच जाय ।

## नकली नोट और फर्जी पट्टे बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो जलसा गिरफ्तार

### करीब 81000 रुपए से ज्यादा के 500 और 200 के नकली नोट मिले, दो दर्जन से ज्यादा गृह निर्माण सहकारी समितियां के फर्जी पट्टे मिले

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए नकली नोट बनाने वाले और फर्जी पट्टा जारी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया और इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है गिरफ्तार अभियुक्त विशाल और हरिकृष्ण उर्फ ज्ञानचंद है गिरफ्तार अभियुक्तों से करीब 81000 से ज्यादा के 500 के और 200 नकली नोट तथा इसे विभिन्न गृह निर्माण सहकारी समितियां के 25 से ज्यादा फर्जी पट्टे बरामद किए गए हैं गिरफ्तार अभियुक्तों से विभिन्न सहकारी समितियां की सील मुहर और अन्य दस्तावेज भी बरामद किए हैं जानकारी के अनुसार इस गिरोह से कुछ और लोग भी जुड़े हो सकते हैं क्योंकि जिस तरह से इन दोनों अभियुक्तों से भारी मात्रा में नकली नोट और फर्जी पट्टे मिले हैं उसके आधार पर पुलिस का मानना है कि इस ग्रुप से जुड़े अन्य लोगों को भी चिन्हित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है इस संदर्भ में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्तों से नकली नोट भी मिले हैं और नकली फर्जी पट्टे भी मिले हैं इसलिए गिरफ्तार अभियुक्त काफी शातिर हैं और ऐसा लगता है कि नकली नोट के इस अवैध कारोबार में यह लंबे समय से जुड़े हुए थे पूछताछ में इन्होंने बताया है कि 25 प्रतिशत के कमिश्नर के हिसाब से मार्केट में नकली नोट प्रचलन पर देते थे पुलिस पूछताछ करिए पता लग रही है कि अब तक कितने रुपए के नकली नोट मार्केट में प्रचलन में डाल चुके हैं कहां-कहां इन्होंने किन-किन लोगों को सप्लाई के लिए दिया था और कैसे और किस तरह से इन्होंने मार्केट में नकली नोटों को प्रचलन में डाला है इन सब विषयों पर पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ हा कर रही है इसके अलावा गिरफ्तार अभियुक्तों से भारी मात्रा में फर्जी पट्टे भी मिले हैं इसलिए पुलिस यह पूछताछ भी कर रही है कि अब तक कितने लोगों को कहां-कहां किस-किस इलाके में किस-किस भूखंड के फर्जी पट्टे इन्होंने जारी किए हैं ।

## पूर्व मंत्री महेश जोशी को सुप्रीम कोर्ट से शर्तों के आधार पर मिली जमानत, प्रशंसकों में खुशी की लहर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बहुचर्चित जल जीवन मिशन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से गिरफ्तार किए गए पूर्व मंत्री महेश जोशी को सुप्रीम कोर्ट से बुधवार को शर्तों के आधार पर जमानत मिल गई है यह जमानत जोशी को हाई कोर्ट के उस निर्णय को चुनौती देने के फल स्वरूप मिली है जिसमें हाईकोर्ट ने जोशी को जमानत देने से इनकार कर दिया था जिसके बाद जोशी ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया इसकी सुनवाई के परिपेक्ष में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने जोशी को शर्तों के आधार पर जमानत दे दी है जोशी को जमानत मिलने के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर छा गई है जोशी गत वर्ष जुलाई माह में प्रवर्तन निदेशालय ने जल जीवन मिशन में अनियमिताएं और घोटाले में नियम विरुद्ध धन संग्रह संबंधी एलिगेशन के संबंध में गिरफ्तार किया था प्रवर्तन निदेशालय की यह कार्रवाई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से जल जीवन मिशन घोटाले और अनियमित में दर्ज की गई रिपोर्ट के आधार पर की गई जांच के परिपेक्ष में की गई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जन जीवन मिशन में करीब 900 करोड रुपए के घोटाले में ठेकेदारों को नियम विरुद्ध फायदा पहुंचाने और नियम विरुद्ध टेंडर जारी करने और मनमानी तरीके से निर्णय लेने के क्रम में मामला दर्ज किया था जिसमें कई लोगों की गिरफ्तारी भी की गई प्रवचन निदेशालय ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से दर्ज की गई रिपोर्ट को आधार बनाकर अपने स्तर पर मामले की जांच की जिसमें महेश जोशी को भी दोषी पाए जाने




पर पिछले साल जुलाई में जोशी को प्रवचन निदेशालय ने अरेस्ट किया था जिसके बाद से ही जोशी जेल में बंद है जोशी ने जमानत के लिए हाई कोर्ट तक का दरवाजा खटखटाया लेकिन उन्हें जमानत नहीं मिली बाद में उन्होंने हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाई । उल्लेखनीय है कि महेश जोशी पिछली गहलोत सरकार के काफी पावरफुल कैबिनेट मंत्री थे अशोक गहलोत के शुरू से ही काफी नजदीक और भरोसेमंद नेता माने जाते हैं जयपुर के पूर्व में सांसद रह चुके हैं और जयपुर में किशनपोल और हवा महल विधानसभा सीट से विधायक भी रह चुके हैं पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे और जोशी के पास कई बड़े प्रमुख विभाग थे जिसमें जल जीवन मिशन संबंधी कार्य भी इन्हीं के हाथों में था । जोशी को जमानत मिलने के बाद सोशल मीडिया पर उनके समर्थक खुशी का इजहार कर रहे हैं सुप्रीम कोर्ट से जमानत की कॉफी आने के बाद जेल में बंद जोशी जेल से बाहर आ जाएंगे ।

## *कांग्रेस को धरातल पर जगह नहीं मिल रही, संसद में नॉन इशू को इशू बताकर मचा रही हंगामाः गजेंद्र सिंह शेखावत*

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी को धरातल पर कोई जगह नहीं मिल रही इसलिए संसद में नॉन इशू को इशू बढ़कर खुद को प्रासंगिक बताने का प्रयास कर रही है शेखावत ने तंज करते हुए कहा कि राजनीतिक दल होने के नाते उनका इतना तो फर्ज बनता ही है कि वे खुद को प्रासंगिक बताएं चाहे लोग उसे स्वीकार न करें । शेखावत ने कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर देश भर में कहीं पर भी किसी भी तरह का विरोध देखने को नहीं मिल रहा देश में कई राज्यों में मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य शांतिपूर्वक संपादित हो रहा है लेकिन कांग्रेस पार्टी कह रही है कि वह इस मामले को लेकर देश में आंदोलन चलेगी उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को देश की जनता का इस कार्य में सहयोग मिल रहा है और कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने की बात कह रही है शेखावत ने कहा कि जब बिहार में मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य चल रहा था उस समय भी कांग्रेस ने खूब हंगामा मचाया लेकिन बिहार



की जनता ने चुनाव में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को सबक सिखा दिया उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी कर्तव्य और अधिकार को अच्छी तरह से समझता है चुनाव आयोग के कार्य में दखल देना राजनीतिक दलों को शोभा नहीं देता उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में अगर किसी घुसपैठ ने नाम दर्ज करवा रखा है और अगर उसे मतदाता सूची से बाहर किया जाता है तो इसमें कांग्रेस पार्टी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए लेकिन पता नहीं क्यों कांग्रेस पार्टी के पेट में दर्द हो रहा है उन्होंने कहा कि अगर बिहार की जनता मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य के खिलाफ होती तो इतना बड़ा ऐतिहासिक जनादेश एनडीए को नहीं देता उन्होंने कहा कि देश के लोग भी जाते हैं कि मतदाता सूची में वास्तविक मतदाता का नाम हो और वास्तविक मतदाता ही वोट देने का अधिकार रखता है राजभवन को लोक भवन की संज्ञा देने पर शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि आजादी के बाद जो भी तथ्य और चीज गुलामी की दास्ता को इंगित करना जैसा दर्शाती है क्योंकि भारत लोकतांत्रिक देश है ।

## राज्यसभा में छा गए मदन राठौड़, रिफायनिंग और बायोफ्यूल का मुद्दा उठाया

**जयपुर टाइम्स/जयपुर(कासं.)।** भाजपा राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने संसद में राष्ट्रहित और देश के ऊर्जा भविष्य से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाते हुए भारत की रिफाइनिंग और बायोफ्यूल क्षमता के विस्तार पर विस्तृत जानकारी चाही। सांसद राठोड़ के सवाल के जवाब में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि भारत की वर्तमान कुल रिफाइनिंग क्षमता 258.1 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष है, जिसे वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 309.5 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष करने का अनुमान है।सार्वजनिक क्षेत्र की तेल रिफाइनरियों के पेट्रो–केमिकल इंटेंसिटी इंडेक्स को 4.1 से बढ़ाकर लगभग



9.3 तक ले जाने के प्रयास जारी हैं, जिससे भारत का पेट्रोकेमिकल उत्पादन और मूल्यवर्धन में तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने हेतु पारंपरिक ईंधनों के साथ हरित ऊर्जा समाधानों को समेकित रूप से मजबूत किया जा रहा है। इसमें एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसके तहत 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए विभिन्न फीडस्टॉक की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है। यह कदम न केवल विदेशी तेल आयात पर निर्भरता कम करेगा बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी सहायक होगा। उन्होंने बताया कि बायोफ्यूल को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री जैव ईंधन-वातावरण अनुकूल फसल अपशिष्ट निवारण जैसी योजनाओं को लागू किया जा रहा है, जिसके माध्यम से उन्नत बायोफ्यूल और किफायती विमानन ईंधन के उत्पादन को प्रोत्साहन मिल रहा है। इसके साथ ही संपीडित बायोगैस (सीबीजी) उत्पादन और उसके विपणन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य चल रहा है। सरकार ने बायोमास एकत्रीकरण मशीनरी और डायरेक्ट पाइपलाइन अवसंरचना जैसी योजनाएँ भी शुरू की हैं। ताकि सीबीजी संयंत्रों को प्रभावी लॉजिस्टिक नेटवर्क के साथ जोड़ा जा सके। यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा के एक और अहम क्षेत्र ग्रीन हाइड्रोजन में भारत ने राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के माध्यम से बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। वर्ष 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की योजना भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है। राठौड़ ने बताया कि स्वच्छ ईंधनों को अपनाने से स्टील सीमेंट तथा परिवहन जैसे उच्च उत्सर्जन वाले क्षेत्रों में प्रदूषण के स्तर में बड़ी कमी आएगी। यह भारत को कम-कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के साथ-साथ राष्ट्रीय जलवायु लक्ष्यों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के अनुरूप आगे बढ़ाने में एक निर्णायक भूमिका निभाएगा। इसी से ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण दोनों का संतुलन सुनिश्चित होगा। यह भी निश्चित है कि हरित ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार से देश की अर्थव्यवस्था और युवाओं के लिए बड़े अवसर निर्मित होंगे।

# डोटासरा आज और कल पार्टी के विधायकों और संगठन से जुड़े नेताओं से करेंगे संवाद, दिल्ली की रैली की तैयारी

## 9 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बड़ी बैठक, दिल्ली से भी आएंगे बड़े नेता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** एसआईआर को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से दिल्ली के रामलीला मैदान में आगामी 14 दिसंबर को राष्ट्रीय व्यापी रैली का आयोजन किया जा रहा है इस रैली में राजस्थान से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों के शामिल होने की बात कही जा रही है इस रैली में राजस्थान से ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस जन्म हिस्सा लें आयोजन किया जा रहा है इस रैली में राजस्थान से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों के शामिल होने की बात कही जा रही है इस रैली में राजस्थान से ज्यादा से ज्यादा पार्टीशन शामिल हो इसके लिए राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पिछले कुछ दिनों से लगातार प्रदेश भर के संगठन से जुड़े



नेताओं से तो मुलाकात और मोबाइल से वार्तालाप कर ही रहे हैं इसके अलावा पार्टी के वर्तमान विधायकों से भी इस रैली को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं इसी क्रम में आज और कल गोविंद सिंह डोटासरा दो दिनों तक पार्टी के मौजूदा विधायकों पार्टी के पूर्व विधायकों पार्टी के विधानसभा प्रत्याशियों और पार्टी के जिला अध्यक्षों मंडल अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्षों के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीटिंग का आयोजन करके इन सब कांग्रेस जनों को 14 दिसंबर की रैली में ज्यादा से ज्यादासंख्या में उपस्थिति दर्ज करवाने के निर्देश देंगे इसके अलावा राजस्थान में संपादित हो रहे मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य पर नियमित रूप से कड़ी निगरानी रखने की बात भी कहेंगे जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश के अनुसार इन दोनों राजस्थान में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष तथा मंडल अध्यक्षों की ओर से अपने-अपने क्षेत्र में मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है इस मीटिंग में दिल्ली की रैली को सफल बनाने और दिल्ली की रैली में ज्यादा से ज्यादा उपस्थिति दिखाने जैसे विषयों पर बात की जा रही है बुधवार को कांग्रेस पार्टी के पंचायत राज संगठन की ओर से प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन जयपुर में किया गया इस कार्यक्रम में गोविंद सिंह डोटासरा ने भी उपस्थित दिखाई और अपनी ओर से प्रशिक्षण में शामिल कांग्रेस जनों को आवश्यकता टिप्स और दिशा निर्देश दिए । प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली की तैयारी के मध्य नजर 9 दिसंबर को जयपुर में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक बड़ी बैठक का आयोजन किया जा रहा है इस बैठक में हो सकता है कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी शामिल हो या फिर वेणुगोपाल पार्टी के किसी अन्य बड़े नेता को इस मीटिंग में शामिल होने के लिए दिल्ली से यहां भेजेंगे उन्होंने कहा कि राजस्थान कांग्रेस दिल्ली की रैली को लेकर पूरी तरह से तैयार है इस रैली को लेकर राजस्थान भर के कांग्रेस जनों में जोरदार उत्साह और जोश बना हुआ है राजस्थान से बड़ी संख्या में लोग रैली में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार बैठे हैं इस रैली में देश भर से बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हो रहे हैं इस रैली को राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियंका गांधी सहित पार्टी के कई बड़े नेता संबोधित करेंगे और अगर सोनिया गांधी का स्वास्थ्य ठीक रहा तो सोनिया गांधी भी इस रैली को संबोधित करेंगी ।

# सिपरी रिपोर्ट- हथियारों की बढ़ती बिक्री और मानवता पर खतरा



सुनील कुमार महला,
फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। वास्तव में, आज के समय में दुनिया भर में बढ़ते हथियारों का जखीरा केवल सुरक्षा का ही सवाल नहीं है , बल्कि यह मानवता के भविष्य पर एक गंभीर खतरा भी है। कोई भी देश हथियार इसलिए खरीदते हैं, ताकि वे अपनी सीमाओं की रक्षा कर सकें, रणनीतिक बढ़त बनाए रख सकें और बदलते भू-राजनीतिक हालात में खुद को एक मज़बूत राष्ट्र दिखा सकें, लेकिन यही हथियारों की दौड़ कई बार तनाव बढ़ाकर युद्धों की ज़मीन तैयार करती है,जो कि ठीक नहीं है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हथियारों पर होने वाला भारी खर्च शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पानी, जलवायु संरक्षण और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों से धन को खींच लेता है, और इसका असर कहीं न कहीं देश के विकास और अर्थव्यवस्था व इसके निवासियों पर भी पड़ता है। क्या यह बड़ी बात नहीं है कि आज के समय में दुनिया के विभिन्न शक्तिशाली व संपन्न देश इसका इस्तेमाल अपने आर्थिक लाभ, वैश्विक प्रभाव दिखाने और उद्योगों में बढ़त के लिए करते हैं, जबकि छोटे देश किसी दबाव में आकर या सुरक्षा के डर से हथियारों की इस अंधी दौड़ में शामिल हो जाते हैं।इसका नतीजा यह है कि दुनिया एक ऐसी दिशा में बढ़ रही है जहां भरोसा कम और अविश्वास ज्यादा है। वास्तव में, यह बात ठीक है कि हथियार किसी देश को सुरक्षा दे सकते हैं, लेकिन स्थायी शांति नहीं। असली सुरक्षा संवाद, विश्वास, सहयोग और संतुलित विकास से मिलती है न कि विनाशकारी हथियारों की बढ़ती संख्या से। वास्तव में, यह इसलिए दुनिया का खतरनाक कदम है, क्योंकि यह मानवता को सुरक्षा नहीं, बल्कि असुरक्षा की ओर धकेल रहा है।हथियारों की होड़ अंततः दुनिया में असंतुलन पैदा करती है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की नई रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में हथियारों की बिक्री लगातार बढ़ रही है।सरल शब्दों में कहें तो दुनिया भर में हथियारों की खरीद-फरोख्त लगातार बढ़ रही है, और यह कोई अच्छी खबर नहीं है। रिपोर्ट बताती है कि कई देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है।कहीं सीमा विवाद है, कहीं शक्ति दिखाने की होड़, तो कहीं सुरक्षा का डर। पाठक जानते होंगे कि दुनिया में इस समय कई देशों के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। एशिया में भारत-चीन के बीच एलएसी पर लंबे समय से सीमा विवाद बना हुआ है, जो समय-समय पर सैनिक तैनाती और गश्त के कारण फिर उभर जाता है। भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर और सीमा पार आतंकवाद को लेकर रिश्ते लगातार तनावपूर्ण रहते हैं और कूटनीतिक संबंधों में उतार-चढ़ाव चलता रहता है। चीन-ताइवान के बीच स्थिति सबसे संवेदनशील है, जहां चीन ताइवान पर दबाव बढ़ाने के लिए सैन्य अभ्यास और शक्ति-प्रदर्शन कर रहा है, जबकि ताइवान अपनी रक्षा क्षमता बढ़ा रहा है। ईरान-इज़राइल के बीच हमलों और जवाबी हमलों के कारण पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ी हुई है। वहीं आर्मेनिया-अज़रबैजान के बीच नगार्नो-काराबाख को लेकर पुराना सीमा विवाद अभी भी पूरी तरह शांत नहीं हुआ। मध्य एशिया में भी अफगानिस्तान की सीमा को लेकर ताजिकिस्तान और रूस मिलकर सुरक्षा मजबूत करने की बात कर रहे हैं। इधर, रूस-यूक्रेन तनाव आज भी बेहद गंभीर रूप में बना हुआ है। रूस लगातार यूक्रेन के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हमले कर रहा है, जबकि यूक्रेन अपने सहयोगी देशों की मदद से जवाबी कार्रवाई कर रहा है। हाल की शांति-वार्ताएँ भी किसी नतीजे पर नहीं पहुँच पाई हैं, क्योंकि रूस अपनी शर्तों पर अड़ा है और पश्चिमी देश यूक्रेन की संप्रभुता पर समझौता नहीं करना चाहते। इसी बीच मिसाइल हमलों, भू-भाग पर कब्जे की कोशिशों और कूटनीतिक आरोप-प्रत्यारोप ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। यह संघर्ष न केवल यूरोप बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर असर डाल रहा है।कुल मिलाकर, सीमा विवादों, सैन्य तैयारियों, शक्ति दिखाने की होड़ और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा ने कई क्षेत्रों को बेहद संवेदनशील और अस्थिर बना दिया है।यही कारण है कि आज विभिन्न देश आधुनिक और महंगे हथियार खरीदने में बड़ी रकम लगा रहे हैं। इससे हथियार बनाने वाली कंपनियों का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन दुनिया के लिए खतरे भी बढ़ रहे हैं।समस्या यह है कि जितने ज्यादा हथियार जुटाए जाते हैं, उतनी ही ज्यादा टकराव या युद्ध की आशंका पैदा होती है। साथ ही सरकारों का पैसा रक्षा खरीद में खर्च होने लगता है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक विकास जैसे जरूरी क्षेत्रों पर कम ध्यान जाता है। यानी सुरक्षा के नाम पर खर्च तो बढ़ता है, लेकिन असुरक्षा भी कम नहीं होती। रिपोर्ट हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हथियारों पर बढ़ती निर्भरता वास्तव में शांति लाएगी या दुनिया को और ज्यादा तनाव और खतरे की ओर धकेल देगी। हाल फिलहाल यदि हम यहां सरल शब्दों में कहें तो दुनिया की सबसे बड़ी 100 हथियार बनाने वाली कंपनियों ने पिछले साल से लगभग 6' ज्यादा पैसा कमाया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हाल के समय में कई जगह लड़ाइयाँ और तनाव लगातार बढ़े हैं, जैसे यूक्रेन युद्ध और गाजा संघर्ष। जब कहीं युद्ध होता है या किसी देश को खतरा महसूस होता है, तो वे अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए ज्यादा हथियार खरीदते हैं। इसी वजह से हथियारों की मांग तेजी से बढ़ गई और कंपनियों की बिक्री भी बढ़ी।सीधे शब्दों में कहें तो जितना ज्यादा तनाव और युद्ध, उतनी ही ज्यादा हथियारों की खरीद, और उतनी ही ज्यादा कंपनियों की कमाई। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि सिपरी की ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की 100 सबसे बड़ी रक्षा कंपनियों ने 2024 में कुल 679 अरब डॉलर कमाए, जो यह दिखाता है कि वैश्विक स्तर पर युद्ध और तनाव अब एक भारी-भरकम कारोबार बन चुके हैं। यूक्रेन, गाजा और पूर्वी एशिया में बढ़ते संघर्षों ने हथियारों की मांग को तेजी से बढ़ाया है, जिसके चलते युद्धों का व्यावसायीकरण और कॉरपोरेट कंपनियों की भूमिका और मजबूत हो रही है। रिपोर्ट यह भी दर्शाती है कि पश्चिम एशिया अब एक नया हथियार उत्पादक क्षेत्र बनकर उभर रहा है, जिससे वैश्विक सैन्य उत्पादन में विविधता आई है। भारत की तीन कंपनियाँ क्रमशः हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स भी इस सूची में शामिल हैं, और घरेलू मांग के कारण इनकी संयुक्त आयुध कमाई 8.2' बढ़कर 7.5 अरब डॉलर हो गई है। सिपरी का आकलन बताता है कि भविष्य में हथियारों की बिक्री और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय तनाव कम होने के बजाय बढ़ रहा है, और देश ड्रोन व अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों पर भारी निवेश कर रहे हैं। यह बढ़ती सैन्य होड़ न केवल शांति के लिए खतरा है, बल्कि विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संसाधन हटाकर वैश्विक असमानताओं, भुखमरी, जलवायु संकट और अस्थिरता को भी बढ़ावा दे रही है। युद्धों और संघर्षों के कारण लाखों लोग विस्थापन, अकाल और मानवीय त्रासदियों का सामना कर रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो आज युद्धों और संघर्षों के कारण दुनिया भर में लाखों लोग अपने घर, जमीन और रोज़गार से बेदखल हो रहे हैं। इससे बड़े पैमाने पर विस्थापन, भूख और मानवीय संकट पैदा हो रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, रूस-यूक्रेन युद्ध ने यूरोप में दूसरे विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा शरणार्थी संकट खड़ा कर दिया, जहाँ करोड़ों लोग अपने घर छोड़कर पड़ोसी देशों में शरण लेने को मजबूर हुए। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध, जो फरवरी 2022 में शुरू हुआ, अब तक मानवीय और आर्थिक दोनों रूपों में भारी नुकसान पहुँचा चुका है। इस युद्ध से यूक्रेन को लगभग 1 खरब डॉलर का कुल आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसमें आवास, परिवहन, ऊर्जा, उद्योग और अन्य बुनियादी ढांचे का विनाश शामिल है। कितनी बड़ी बात है कि अकेले आवासीय भवनों के रूप में लगभग 2.36 लाख घर नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए हैं। युद्ध के कारण यूक्रेन के लगभग 10.6 मिलियन लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें से 3.7 मिलियन अपने देश के भीतर और 6.9 मिलियन लोग विदेशों में शरणार्थी बने हैं। इसके साथ ही, देश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) लगभग 22.6' तक घट गई, बजट घाटा बढ़कर जीडीपी का 20.4' हो गया, और रोज़मर्रा की ज़िंदगी, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर असर पड़ा। वास्तव में, युद्ध का नुकसान केवल कुछ ही चीज़ों में मापा जा सका है, जैसे बुनियादी आर्थिक नुकसान। लेकिन युद्ध के कारण लोगों की मानसिक पीड़ा, समाज में अस्थिरता और जीवन की गुणवत्ता पर असर अब भी बहुत बड़ा है। भविष्य में युद्ध प्रभावित इलाकों को फिर से ठीक करने और लोगों की मदद करने के लिए लगभग 524 अरब डॉलर की जरूरत होगी। इससे यह स्पष्ट होता है कि युद्ध का असर सिर्फ अभी नहीं, बल्कि आने वाले कई सालों तक आर्थिक और सामाजिक तौर पर महसूस किया जाएगा। उसी तरह, गाजा में जारी संघर्ष ने स्वास्थ्य सेवाओं, भोजन, पानी और आश्रय सभी को लगभग समाप्त कर दिया, जिससे बच्चों और महिलाओं पर सबसे ज्यादा असर पड़ा। गाज़ा में हाल के संघर्षों ने भारी तबाही मचाई है। अब तक लगभग 70,000 लोग मारे जा चुके हैं और लगभग 1.9?मिलियन लोग विस्थापित हुए हैं। करीब 62' घर और बुनियादी ढांचा नष्ट या क्षतिग्रस्त हो चुका है। स्कूल, अस्पताल, पानी और स्वास्थ्य सेवाएँ बाधित हैं, जिससे मानवीय संकट गहरा गया है। आर्थिक नुकसान और पुनर्निर्माण की आवश्यकता लगभग 53?बिलियन डॉलर आंकी गई है। बच्चों, महिलाओं और बुज़ुर्गों पर सबसे अधिक असर पड़ा है, और संकट के मानसिक और सामाजिक प्रभाव अभी भी व्यापक हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सूडान के गृहयुद्ध में भी लाखों लोग भूख और हिंसा से बचने के लिए रेगिस्तानों और सरहदी इलाकों में भटक रहे हैं। इन उदाहरणों से साफ है कि संघर्ष सिर्फ गोलियों और बमों तक सीमित नहीं होते, अपितु वे समाज की पूरी संरचना तोड़ देते हैं और मानवता को गहरी पीड़ा और असुरक्षा में धकेल देते हैं।इसलिए रिपोर्ट यह संकेत देती है कि विश्व समुदाय को हथियारों की इस अंधाधुंध दौड़ को रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे, ताकि मानवता को बड़े संकट से बचाया जा सके।

## स्वाधीनता के संघर्ष, स्वाभिमान से उपजी भारत की एकता और अखंडता राष्ट्र सर्वोपरि

भारत की स्वतंत्रता अनगिनत बलिदानों, त्याग, तप और संघर्ष की अमूल्य विरासत है। लगभग आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद, जब विदेशी शासन की दासता से मुक्त होने के लिए लाखों भारतीयों ने अपने प्राणों की आहुति दी, तब जाकर हमें स्वतंत्रता का वह अमृत प्राप्त हुआ जिसे हम आज खुले आकाश के नीचे निरंतर सांस लेते हुए अनुभव करते हैं। यह स्वतंत्रता केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के स्वाभिमान, साहस और एकता की अनुपम साधना का परिणाम है। इसलिए यह हमारा पवित्र दायित्व है कि हम इस स्वतंत्रता को, इस अखंडता को और इस राष्ट्रीय आत्मा को अनंतकाल तक अक्षुण्ण बनाए रखें। राष्ट्र की एकता केवल संविधान के पन्नों या शासन की व्यवस्था से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि नागरिकों की चेतना, परस्पर सम्मान, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की अंतर्मन की प्रतिज्ञा से निर्मित होती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता का स्वरूप और अधिक मजबूत हुआ, परंतु आज दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक मंसूबों, स्वार्थपूर्ण उद्देश्यों और विचारधारात्मक विभाजन ने समाज में संप्रदाय, भाषा, जाति और क्षेत्र के नाम पर दरारें पैदा करने का प्रयास किया है। मंदिर-मस्जिद, गुरुद्वारा-चर्च, हिंदी-अंग्रेजी-उर्दू-पंजाबी-तेलुगु-असमी जैसे विवाद हमारे हृदय में ऐसे ही घाव हैं जो राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने का प्रयास करते हैं। वस्तुतः राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने के लिए हमें सांप्रदायिक विद्वेष, ईर्ष्या, भाषाई और सीमाई विवादों से ऊपर उठकर सामाजिक सौहार्द, मानवीय गरिमा और राष्ट्र की समग्रता को प्राथमिकता देनी होगी, तभी हम विकास की मुख्यधारा में सार्थक योगदान दे पाएंगे। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि 'भारत विश्व का एकमात्र राष्ट्र है जहाँ मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर और गुरुद्वारों का सहअस्तित्व सर्वधर्मसमभाव के अद्वितीय स्वरूप में विद्यमान है।' यह कथन भारत के आध्यात्मिक और सामाजिक चरित्र का आदर्श प्रतिबिंब है। परंतु वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति, सद्भावना और किसी भी राष्ट्र की अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा है। कभी अमेरिका, तो कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक राज्यों में आतंकवाद ने अपनी विभीषिका से भारी जनहानि और संपत्ति विनाश का अंधकार फैलाया है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्र की परंपरागत एकता और अखंडता को विखंडित करने का निरंतर प्रयास किया है। कुछ राजनीतिक शक्तियों ने वोट बैंक की राजनीति में उलझकर अलगाववाद और साम्प्रदायिकता का बीजारोपण किया है—कभी अल्पसंख्यकों के नाम पर विभाजन, कभी जाति और आरक्षण के नाम पर भ्रम और विद्वेष की स्थापना कर समाज को बांटने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास किया है। यह राजनीति का सबसे निंदनीय और चिंतनीय स्वरूप है, जिस पर राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है। वास्तविकता यह है कि सामान्य सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और अन्य सभी वर्ग अत्यंत सौहार्द, सद्भावना और भाईचारे में विश्वास रखते हैं। परंतु स्वार्थी तत्व इन संबंधों को तोड़कर समाज को संघर्ष और अविश्वास की आग में धकेल देते हैं। राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने की जिम्मेदारी मात्र राजनेताओं या प्रशासन पर नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक पर समान रूप से है। हमें यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि राष्ट्र सर्वोपरि है—धर्म, जाति, भाषा, प्रदेश या दल से बढ़कर। यदि हम इतिहास के पन्नों को देखें तो अनेक आक्रमणों, विदेशी शासन और सांस्कृतिक संघर्षों के पश्चात भी भारत की मूल अस्मिता बार-बार सशक्त होकर उभरी है। यहाँ अनेकों जातियाँ और समुदाय आए, उन्होंने अपनी परंपराएँ, भाषाएँ और संस्कृति साथ लाई, पर समय के साथ वे भारत की मुख्य धारा में समाहित होकर इसी मिट्टी का अभिन्न अंग बन गये। यही भारत की सांस्कृतिक एकरूपता का वैश्विक चमत्कार है, जिसकी शक्ति आज भी अक्षुण्ण है। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपने कर्म, विचार और संकल्प से भारत की अखंडता, स्वतंत्रता और गौरव को विश्व पटल पर और अधिक सुदृढ़ स्थापित करें। राष्ट्र की सुरक्षा और समृद्धि तभी संभव है जब संचार माध्यम, मीडिया, साहित्यकार, कलाकार, युवा शक्ति और प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक अपने दायित्व को समझते हुए देश को सर्वोपरि रखें और विघटनकारी शक्तियों के विरुद्ध एकजुट होकर खड़े हों। इतिहास गवाह है कि जब भी भारत एकता के सूत्र में बंधा, वह विश्व में शक्ति बनकर उभरा; और जब भी विभाजित हुआ, वह कमजोर और असहाय सिद्ध हुआ। अतः यह हमारा पुनीत कर्तव्य है कि हम अपने राष्ट्र की अस्मिता को किसी भी मूल्य पर खंडित न होने दें। हम सबको आज उसी भावना से उठना होगा, जिससे- 'भारत केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, वह हमारी आत्मा है, हमारी संस्कृति है, हमारा गौरव है। ' आइए आज संकल्प लें—हम एक राष्ट्र, एक ध्वज, एक पहचान और एक संकल्प के साथ भारत की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता को अनंत काल तक बनाए रखेंगे।



संजीव ठाकुर
स्तंभकार , चिंतक , लेखक वरिष्ठ पत्रकार,रायपुर,

## वॉटर, वॉर और वीरताः नौसेना दिवस की कहानी

जब समुद्र की लहरें तेज़ी से उठती हैं और युद्धपोतों की गड़गड़ाहट आसमान तक गूँजती है, तब पूरा भारत गर्व से भर उठता है—यही है नौसेना दिवस की सच्ची शक्ति। 4 दिसंबर का यह खास दिन वह पल है जब देश अपने समुद्री वीरों को दिल से सलाम करता है। यह कोई साधारण तारीख नहीं, बल्कि 1971 के भारत-पाक युद्ध की वह यादगार रात है जब भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह पर ऐसा वार किया कि दुश्मन संभल ही नहीं पाया। ऑपरेशन ट्राइडेंट, जिसका नाम सुनते ही रोमांच दौड़ जाए। पहली बार किसी एशियाई देश ने एंटी-शिप मिसाइलों का इस्तेमाल किया, चार पाकिस्तानी जहाज़ डूब गए, कराची का बंदरगाह जल उठा और उनकी नौसेना बिखरकर रह गई। यह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि समुद्री युद्ध के इतिहास में लिखा गया एक चमकता हुआ अध्याय था। तभी से 4 दिसंबर भारतीय नौसेना दिवस के रूप में पूरे देश में गर्व के साथ मनाया जाता है। लेकिन यह दिन सिर्फ इतिहास की वीरगाथा नहीं सुनाता, यह वर्तमान की ताकत और भविष्य की तैयारी का भी प्रमाण है। भारतीय नौसेना आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और सबसे सक्षम नौसेनाओं में शुमार है। 67000 से ज्यादा जांबाज़ सैनिक, 150 से अधिक युद्धपोत, 250 से भी अधिक विमान और पनडुब्बियाँ—ये सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि हिंद महासागर में भारत की संप्रभुता का दस्तावेज़ है। आईएनएस विक्रांत - देश का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत - जब समुद्र में उतरा, तब पूरी दुनिया ने देखा कि भारत अब सिर्फ खरीदार नहीं, बल्कि खुद अपनी शक्ति गढ़ने वाला राष्ट्र है। वहीं आईएनएस अरिहंत ने जब परमाणु त्रिशूल पूरा किया, तो बड़े-बड़े देश भी भारत की क्षमता के आगे गंभीर हो गए। बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस यह पनडुब्बी दुश्मन के लिए साफ संदेश है—भारत की ओर आँख उठाई, तो कीमत भी चुकानी पड़ेगी और जवाब भी ऐसा मिलेगा कि याद रखना मुश्किल हो जाएगा। हिंद महासागर में भारतीय नौसेना आज सिर्फ रक्षक नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का संतुलन संभालने वाली शक्ति है। मालदीव संकट में जब ऑपरेशन कैक्टस चला, श्रीलंका में आईपीकेएफ के दौरान जब नौसेना ने मानवीय मदद पहुँचाई, सुनामी की तबाही में जब हजारों जानें बचाईं, और हाल ही में ऑपरेशन राहत व ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब युद्धग्रस्त देशों से भारतीयों को सुरक्षित घर लाया गया—हर बार नौसेना ने साबित किया कि उसकी ज़िम्मेदारी केवल समुद्र की सुरक्षा तक सीमित नहीं है। उसकी पहुँच वहाँ तक है, जहाँ तक भारत का एक भी नागरिक मौजूद है—चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हो। आज जब चीन अपनी 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति से हिंद महासागर में घेरा कसने की कोशिश कर रहा है, भारतीय नौसेना बिल्कुल शांत बैठने वाली नहीं है। क्वाड का मजबूत सदस्य बनकर, मालाबार अभ्यास में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ कदम मिलाकर, फ्रांस के साथ वरुण अभ्यास में अपनी क्षमता दिखाकर, और रूस के साथ इंद्रा नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेकर भारत ने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है—हिंद महासागर में दबाव, धमकी या दादागिरी नहीं चलेगी। आईएनएस विक्रमादित्य, आईएनएस चक्र, ब्रह्मोस से लैस स्टील्थ फ्रिगेट्स और पी-8आई पोसाइडन विमान सिर्फ हथियार नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और समुद्री शक्ति के चमकते प्रतीक हैं। लेकिन नौसेना की सच्ची शक्ति उसके लोहे के जहाज़ों में नहीं, बल्कि उन सफेद वर्दी वाले वीरों में बसती है। वे ही हैं जो महीनों अपने परिवार से दूर रहते हैं; जब तूफान जहाज़ को झकझोरता है, नीचे अथाह समुद्र और ऊपर दुश्मन की नज़र होती है—फिर भी उनके चेहरे पर मुस्कान रहती है। वे समुद्र की गोद में रातें काटते हैं, ताकि करोड़ों भारतीय चैन से सो सकें। उनकी आँखों में गहराई है, दिल में देशभक्ति की गर्मी और हाथों में अजेय साहस। और उनके पीछे खड़ी होती हैं वे माएँ जो बेटे के जहाज़ पर चढ़ते ही आशीर्वाद देती हैं, वे पत्नियाँ जो हर तूफान में प्रार्थना करती हैं, वे बच्चे जो दिन गिनते रहते हैं—यही मौन शक्ति नौसेना को अपराजेय बनाती है। हर साल नौसेना दिवस पर जब गेटवे ऑफ इंडिया के सामने जहाज़ सलामी देते हैं, जब मिग-29के आसमान को चीरते हुए दहाड़ते हैं, जब काले परिधान में मार्कोस कमांडो अपने रोमांचक करतब दिखाते हैं—तब हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। पर यह गर्व सिर्फ उस पल तक सीमित नहीं रहना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि यह नीली सीमा हमें यूँ ही नहीं मिली; इसे वीरों ने अपने जीवन से सुरक्षित किया है। कैप्टन महेंद्र नाथ मुल्ला, जिन्होंने आईएनएस खुकरी के डूबते समय जहाज़ के साथ समुद्र में समा जाना चुना, सिखाते हैं कि वर्दी से ऊपर कुछ भी नहीं। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिश सिंह मुन्नो ने दुश्मन की पनडुब्बी को ध्वस्त कर दुनिया को दिखा दिया कि भारतीय वीरों की नसों में डर नहीं—दृढ़ता बहती है। 4 दिसंबर वह दिन है जब राष्ट्र अपने समुद्री क्षितिज को देख कर खुद से एक वादा करता है कि भारतीय नौसेना को हम और भी अजेय, और भी अतुल्य बनाएँगे। यह केवल जश्न मनाने का अवसर नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने का पल है। हम स्वदेशी जहाज़ों और हथियारों की शक्ति से वह आधार रचेंगे, जिस पर एक दिन दुनिया की सबसे मजबूत नौसेना का ध्वज गर्व से लहराएगा। यह दिन हमें याद दिलाता है कि समुद्र महज़ जलराशि नहीं—यह भारत की साँस, भारत की गति, भारत की जीवनरेखा है। हमारे 90 प्रतिशत से अधिक व्यापार का मार्ग इसी नीले विस्तार से होकर गुजरता है। यदि यह मार्ग बाधित हुआ, तो न केवल हमारी सुरक्षा, बल्कि हमारी सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था ठहर जाएगी। इसलिए नौसेना की ताकत देश की सीमाओं की रखवाली ही नहीं करती, बल्कि हर नागरिक की समृद्धि की रक्षा भी करती है। और इसी वजह से, इस नौसेना दिवस पर हमें केवल ताली बजाकर आगे नहीं बढ़ जाना चाहिए। हमें अपने बच्चों को उन जांबाज़ों की गाथाएँ सुनानी चाहिए, जिनकी सफेद वर्दी में भारत का गर्व, साहस और स्वाभिमान चमकता है। उन्हें समझाना चाहिए कि यह वर्दी सिर्फ कर्तव्य का वस्त्र नहीं—यह राष्ट्र की प्रतिष्ठा का प्रतीक है। उन्हें प्रेरित करना चाहिए कि वे भी एक दिन इस अथाह नीले प्रहरी का हिस्सा बनें। क्योंकि जब तक यह सफेद वर्दी समुद्र की लहरों पर शान से दमकती रहेगी, तब तक भारत की आन, बान और शान सुरक्षित, सशक्त और अडिग रहेगी। जय हिंद। जय भारतीय नौसेना।



प्रो. आरके जैन
'अरिजीत बड़वानी

## वेडिंग सीज़न शहनाइयों की गूंज, बाजार की रौनक.......

देश में वेडिंग सीज़न का आगाज़ हो चुका है। देवउठनी एकादशी से शुरू हुआ यह उत्सव 15 दिसंबर तक जारी रहेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान भारत में करीब 46 लाख शादियां होंगी जिनमें लगभग 6.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होगा। इस खर्च का बड़ा हिस्सा खानपान, कैटरिंग व ज्वैलरी खरीद में जाता है, साथ ही छोटे व्यवसायियों व मेहनतकश लोगों तक पहुंचता है। शहनाइयों के साथ तकनीकी का भी बोलबाला है। दरअसल भारतीय शादियां सिर्फ दो रूहों का मिलन नहीं, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सालाना 'बूस्टर डोज़' है। नवंबर की हल्की सर्द शामें, हवा में घुलती धुंध और दूर कहीं से आती ब्रास बैंड की तेज़ आवाज़। अगर आप भारत के किसी भी शहर, कस्बे या गांव में रहते हैं, तो पिछले कुछ दिनों में आपने महसूस किया होगा कि हवा का रुख बदल गया है। सड़कें जाम हैं, बाज़ारों में पैर रखने की जगह नहीं, और रात के सन्नाटे में डीजे का शोर अक्सर नींद में खलल डाल रहा है। पहली नज़र में यह सब अराजक लग सकता है। ट्रैफिक में फंसा एक आम आदमी इसे 'परेशानी' का नाम दे सकता है। लेकिन अगर आप थोड़ा गौर से उस शोर को सुनें, तो उसमें एक उम्मीद की धुन सुनाई देगी। यह धुन है-भारतीय अर्थव्यवस्था के पहियों के घूमने की। भारत में 'द ग्रेट इंडियन वेडिंग सीज़न' का आगाज़ हो चुका है। देवउठनी एकादशी के साथ ही शुरू हुआ यह उत्सव 15 दिसंबर तक पूरी रफ़्तार पर रहेगा। लेकिन इस साल यह शोर थोड़ा अलग है, थोड़ा ज़्यादा है। यह सिर्फ दो दिलों या दो परिवारों का मिलन नहीं रह गया ; यह मंदी की आहटों के बीच भारतीय बाज़ार का सबसे बड़ा 'सेलिब्रेशन' बन गया है। तो आज दूल्हे की शेरवानी के रंग या दुल्हन के गहनों की चमक पर बात नहीं करेंगे, बल्कि उस अर्थशास्त्र, उस तकनीक और उस बदलते सामाजिक ताने-बाने की पड़ताल करेंगे जो इन शामियानों के पीछे छिपा है। जब पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं सहमी हुई हैं, बड़े-बड़े देश 'रिसेशन' शब्द से कांप रहे हैं, तब भारत अपनी मस्ती में झूम रहा है। 'कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स' (कैट) ने हाल ही में जो रिपोर्ट जारी की है, वह किसी भी अर्थशास्त्री को सोचने पर मजबूर कर दे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नवंबर से 15 दिसंबर के बीच भारत में करीब 46 लाख शादियां होने का अनुमान है। अगर हम इसे पिछले साल के आंकड़ों से तुलना करें, तो यह एक बड़ी छलांग है। लेकिन असली कहानी इन शादियों की संख्या में नहीं, बल्कि उन पर होने वाले खर्च में है। अनुमान है कि इन 46 लाख शादियों में करीब 6.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होगा। ज़रा इस आंकड़े को गहराई से समझें। यह रकम दुनिया के कई छोटे देशों की कुल जीडीपी से भी ज़्यादा है। इतनी बड़ी कि भारत के कई मंत्रालयों के सालाना बजट को भी पीछे छोड़ देती है। यह प्रमाण है कि भारतीय समाज में 'उपभोग' की भूख अभी शांत नहीं हुई। महंगाई और मंदी की तमाम खबरों के बीच, भारतीय परिवार अपनी परंपराओं और खुशियों पर खर्च करने में कोई कोताही नहीं बरत रहे। अक्सर जब हम 'बिग फैट इंडियन वेडिंग' की बात करते हैं, तो हमारी आंखों के सामने फाइव-स्टार होटल्स, विदेशी फूल और महंगी गाड़ियां आती हैं। लगता है कि यह पैसा अमीरों की जेब से निकलकर अमीरों की जेब में ही जा रहा है। लेकिन हकीकत इससे अलग और सुखद है। शादियों का यह अर्थशास्त्र असल में धन के वितरण का बेहतरीन उदाहरण है। जब एक मध्यमवर्गीय पिता अपनी बेटी की शादी के लिए बैंक से अपनी जीवनभर की जमापूंजी निकालता है, तो वह पैसा समाज की नसों में दौड़ने लगता है। कैट का डेटा बताता है, कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा, करीब 10 प्रतिशत, खानपान और कैटरिंग पर व्यय होता है। करीब 15 प्रतिशत हिस्सा ज्वैलरी की खरीद में जाता है। लेकिन जरा ध्यान दीजिये उन 'अदृश्य हाथों' की तरफ जो इस उत्सव को संभव बनाते हैं। ज़रा उस टेंट लगाने वाले मज़दूर के बारे में सोचिए जो बांस और रस्सियों के सहारे शामियाना खड़ा करता है। उस बिजली वाले के बारे सोचिए जो झालरें लगाता है। उस फूल वाले के बारे में, उस नाई, उस धोबी, उस रिक्शा चालक, और स्थानीय पंडित जी के बारे में सोचिए। एक औसत शादी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 50 से 100 लोगों को रोज़गार देती है। ये वो 'असंगठित क्षेत्र' है, जिसकी कमाई का कोई फिक्स्ड ज़रिया नहीं होता। उनके लिए यह वेडिंग सीज़न किसी दिवाली से कम नहीं है। इन 46 लाख शादियों का मतलब है करोड़ों 'मानव-दिवस' रोज़गार। यह पैसा जब इन मेहनतकश लोगों की जेब में पहुंचता है, तो वे राशन खरीदते हैं, कपड़े खरीदते हैं, और अर्थव्यवस्था का चक्र घूमता रहता है। अगर आप पिछले एक दशक में किसी शादी में नहीं गए हैं और अब अचानक किसी समारोह में पहुंच जाएं, तो शायद आप चौंक जाएंगे। भारतीय शादियां अब वैसी नहीं रहीं, जैसी 90 के दशक में हुआ करती थीं। अब यहां रस्मों के साथ-साथ 'टेक्नोलॉजी' का भी बोलबाला है। वेडिंग इंडस्ट्री ने तकनीकी बदलाव को बांहें फैलाकर स्वीकार किया है। एआई और डिजिटल कुंडली : बात अब सिर्फ पंडित जी की पोथी तक सीमित नहीं है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल मैच-मेकिंग से लेकर गेस्ट लिस्ट मैनेज करने तक में हो रहा है। कौन सा मेहमान क्या खाना पसंद करेगा, किसे कहां बैठाना है- सब ऐप्स के ज़रिए तय हो रहा है।

ड्रोन और सिनेमैटोग्राफी : पहले शादी की एल्बम एक दस्तावेज़ होती थी, अब शादी की फिल्म एक 'ब्लॉकबस्टर' होती है। ड्रोन अब स्टेटस सिंबल नहीं, बल्कि ज़रूरत हैं। प्री-वेडिंग शूट्स का बाज़ार इतना बड़ा कि इसने पर्यटन स्थलों पर फोटोग्राफर्स और मेकअप आर्टिस्ट्स के लिए एक नई इंडस्ट्री खड़ी कर दी।


सोशल मीडिया का 'दबाव' और 'बाज़ार': आज की पीढ़ी के लिए, अगर शादी इंस्टाग्राम पर अच्छी नहीं दिखी, तो क्या वो शादी हुई भी? 'इंस्टा-वर्दी' पलों को बनाने के लिए डेकोरेशन पर लाखों खर्च किए जा रहे हैं। एक नई तरह की इकोनॉमी खड़ी हो गई -इंफ्लुएंसर इकोनॉमी। लोग शादियों में 'कंटेंट क्रिएटर्स' को बुला रहे हैं ताकि उनकी रील वायरल हो सके। यह मनोवैज्ञानिक बदलाव नये उत्पादों और सेवाओं की मांग पैदा कर रहा है।

इस साल के वेडिंग सीज़न में एक और महत्वपूर्ण बदलाव दिख रहा है, जो सीधे देशहित से जुड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ समय पहले वेडिंग इन भारत का आह्वान किया था। लगता है देश के संभ्रांत वर्ग ने इस अपील को गंभीरता से लिया। कुछ साल पहले तक, इटली का लेक कोमो या तुर्की के रिसॉर्ट्स भारतीय अमीरों की पहली पसंद थे। करोड़ों रुपये की विदेशी मुद्रा इन डेस्टिनेशन वेडिंग्स के नाम पर देश से बाहर जा रही थी। लेकिन इस साल रुझान बदला है। उदयपुर, जोधपुर, जयपुर, केरल और गोवा जैसे भारतीय स्थलों की मांग में जबरदस्त उछाल आया। जब एक बड़ी डेस्टिनेशन वेडिंग भारत में होती है, तो उसका फायदा हमारे होटल उद्योग व एयरलाइंस को मिलता है, और हस्तशिल्पियों को मिलता है। यह 'रिवर्स ड्रेन ऑफ वेल्थ' रोकने का माध्यम बन रहा है।

इसके साथ ही, 'वोकल फॉर लोकल' का असर भी दिख रहा है। बाज़ारों से चीनी लाइटें और सस्ते प्लास्टिक फूल धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। उनकी जगह स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए मिट्टी के दीये, गेंदे के फूलों और भारतीय कपड़ों ने ले ली। यह बदलाव सिर्फ आर्थिक नहीं, भावनात्मक भी है। हम जड़ों की ओर लौट रहे, और हमारी जड़ें हमारे बाज़ार को सींच रही हैं। अगर भारत शादियों का देश है, तो दिल्ली उसकी राजधानी। कैट की रिपोर्ट विशेष रूप से दिल्ली को इस पूरी आर्थिक गतिविधि का केंद्र बिंदु मानती है। अकेले दिल्ली में इस सीज़न में करीब 4.8 लाख शादियां होने का अनुमान है। दिल्ली के बाज़ारों-चांदनी चौक से लेकर लाजपत नगर, साउथ एक्स से छोटे-मोटे बाज़ारों तक- में करीब 1.8 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। वहां झुग्गी बस्तियों से लेकर पॉश कॉलोनियों तक, हर जगह शहनाई बज रही है। बजट अलग हो सकता है, लेकिन जज़्बा वही।

अक्सर जेहन में यह सवाल उठता है - आखिर हम भारतीयों के लिए शादियों को भव्य बनाना इतना ज़रूरी क्यों है? क्यों एक पिता 20 साल तक अपनी ज़रूरतें मारकर बचत करता है, ताकि वह 2 दिन की दावत में उसे खर्च कर सके?पश्चिमी अर्थशास्त्री इसे 'तर्कहीन' मान सकते हैं, संसाधनों की बर्बादी कह सकते हैं। लेकिन भारतीय संदर्भ में, यह खर्च सिर्फ उपभोग नहीं, बल्कि 'सामाजिक निवेश' है। रिश्ते मज़बूत करने, सामाजिक दायरा बढ़ाने और अपनी सांस्कृतिक विरासत अगली पीढ़ी को सौंपने का तरीका है। मजे की बात यह कि यही 'भावनात्मक खर्च' हमारी अर्थव्यवस्था को मंदी के झटकों से बचाता है। जब पश्चिम के लोग मंदी के डर से पैसा तिजोरी में बंद कर देते हैं, तब भारतीय लोग शुभ मुहूर्त देखकर बाज़ार में निकल पड़ते हैं। हमारी अर्थव्यवस्था तर्कों से ज़्यादा भावनाओं पर चलती है, और शादियां उस भावना का सबसे बड़ा उत्सव हैं।

अगले कुछ हफ्तों तक, जब आप रात को बैंड-बाजे के शोर से परेशान हों, या किसी बारात की वजह से सड़क पर लंबा इंतज़ार करना पड़े, तो अपना नज़रिया थोड़ा बदलिएगा। शोर में झुंझलाहट की जगह संगीत तलाशिएगा। सोचिए कि वह बैंड वाला, जो शायद कल तक बेरोज़गार था, आज अपने परिवार के लिए रोटी कमा रहा है। उस सड़क पर रेंगती गाड़ियों में जो पेट्रोल जल रहा है, वह राजस्व बढ़ा रहा है। आतिशबाजी का धुआं भले ही पर्यावरण के लिए चिंता का विषय हो, लेकिन वह शिवकाशी के किसी मज़दूर के घर का चूल्हा जला रहा है। 6.5 लाख करोड़ रुपये का यह प्रवाह बाज़ार की बंद नसों को खोल रहा है। पैसा एक हाथ से दूसरे हाथ, और दूसरे से तीसरे हाथ में जा रहा है। यही तो अर्थव्यवस्था है। भारतीय शादियां सिर्फ दो रूहों का मिलन नहीं हैं, बल्कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था मज़बूत करने वाला सालाना 'बूस्टर डोज़' है। यह उत्सव है, व्यापार है, और सबसे बढ़कर-यह भारत है। शहनाइयां गूंजती रहें, और बाज़ार की रौनक़ बनी रहे।



डॉ विजय गर्ग
सेवानिवृत्त प्रिंसिपल
मलोट पंजाब

# लक्ष्मणगढ़ में बीजेपी का शक्ति प्रदर्शन, पंचायत-निकाय चुनावों का बिगुल

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** नेशनल हाईवे स्थित महरिया फार्म हाउस पर रविवार को आयोजित आभार-अभिनंदन समारोह भाजपा के बड़े राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन में बदल गया। नई ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों के पुनर्गठन को लेकर हुए इस आयोजन में उमड़ी भीड़ ने साफ संकेत दे दिए कि पार्टी आगामी पंचायत व नगरपालिका चुनावों में पूरे दमखम के साथ उतरने की तैयारी में है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि राजस्थान वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और भाजपा नेता दिनेश जोशी रहे। संयोजक नवरंग चौधरी लालासी ने अतिथियों का स्वागत किया और जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने आभार जताया।पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम में उमड़ी यह भीड़ बताती है कि लक्ष्मणगढ़ की



तीनों पंचायत समितियों और नगरपालिका में भाजपा का बोर्ड तय है।उन्होंने कहा– 'आज जयपुर में चर्चा होगी कि सुभाष महरिया ने कील ठोक दी। 'राठौड़ ने कांग्रेस शासनकाल में पेपर लीक, अपराधियों को संरक्षण और प्रशासनिक ढील जैसे मुद्दों पर तीखा प्रहार किया।

**चतुर्वेदी की जोशी को खुली तारीफ**

राजस्थान वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने आम राय के आधार पर पंचायतों का पुनर्गठन किया है।उन्होंने मंच से दिनेश जोशी की प्रशंसा करते हुए कहा 'दिनेश जोशी ऐसा कार्यकर्ता है जो संगठन को मजबूत करने के लिए दिन-रात मेहनत करता है। ऐसी रीढ़ जैसे कार्यकर्ता ही पार्टी को ऊर्जा देते हैं। 'चतुर्वेदी ने कांग्रेस पर सीमांकन में जनता के साथ 'मजाक' करने का आरोप लगाया और ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, परीक्षा कैलेंडर और अपराध नियंत्रण को भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। इस मौके पर भाजपा नेता दिनेश जोशी ने कहा कि 'मैंने भाजपा को मजबूत करने के लिए एक बाबू की तरह दिन-रात मेहनत की है। जनता ने जो काम कहा, हमने पूरा किया है। ' उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अब पंचायत समितियों और नगरपालिका में भाजपा का बोर्ड बनाना उनकी जिम्मेदारी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कहा कि आजादी के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर नई ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों का गठन हुआ है।उन्होंने कहा– 'सरकार ने अपना काम कर दिया है, अब भाजपा को गांव-गांव मजबूत करना जनता की जिम्मेदारी है।' आयोजित कार्यक्रम में नवसृजित ग्राम पंचायतों और बलारां पंचायत समिति से आए ग्रामीणों ने राठौड़, चतुर्वेदी, महरिया और जोशी का साफों, मालाओं और प्रतीक चिह्नों से सम्मान किया।कार्यक्रम में विधायक गोवर्धन वर्मा, हरलाल सहारण, भागीरथ गोदारा, पूर्व जिला मंत्री गोपाल लाटा, लक्ष्मण रॉयल, के.डी. बाबर, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल सीखवाल, पवन मोदी, महेश शर्मा, राजकुमारी शर्मा, जितेंद्र कारंगा, मधु दायमा, पवन वाल्मीकि, सरपंच नरेंद्र ढूकिया, अजय सिंह बठोठ, राजेश खाखल, बनवारी मंडीवाल, शतीश शर्मा पाटोदा, चिरंजीलाल जांगिड़, महावीर मातवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सच्चे मित्र होते हैं संकट के साथी: शास्त्री

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय गनोड़ा रोड़ स्थित किस्तूरनाथ बगीची में चल रही श्रीमद्भागवत् कथा का विश्राम हो गया है। कथा के अंतिम दिन के यजमान गोपाल गुलेरिया रहे। संत उमानंद गिरी महाराज का सानिध्य रहा। कथावाचक पं. मोहित राज शास्त्री ने कहा कि सच्ची मित्रता की परीक्षा संकट के वक्त में होती है। शास्त्री ने कृष्ण सुदामा की मित्रता के बारे में बताया और कहा कि इतिहास में आज भी कृष्ण सुदामा की मित्रता और प्रेम भाव अमर है। राजकुमार प्रजापत ने बताया कि आयोजन में हनुमान प्रजापत, शंकरलाल बाबरिया, रतनलाल, मोतीलाल गुलेरिया, पुनाराम बाबरिया, गंगाराम, गढ़वाल, नोपाराम प्रजापत, भंवरलाल गोदारा आदि का योगदान रहा। इस दौरान मनोरम झांकी भी सजाई गई।



## संत श्री रतिनाथजी महाराज़ की मूर्ति संतो के कर कमलों द्वारा आज होगी स्थापित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** मुकुंदगढ़ रोड स्थित टीकमदास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौ सेवा समिति में आज 4 दिसम्बर को नाथ संप्रदाय के संतो के कर कमलों द्वारा स्थापित की जायेगी । यह जानकारी देते हुए महंत नरेंद्र सुरोलिया व समिति अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने बताया कि आज 3 दिसम्बर को हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे रामगोपाल सोनी व उनकी धर्मपत्नि प्रेमलता ने यजमान रूप में पूजा अर्चना की। मुरली मनोहर शर्मा, विजय जोशी,मुकेश शर्मा,चेतन परासर, नरेंद्र सुरोलिया पंच पंडितो ने वैदिक मंत्रो के साथ नवग्रह,षोडश मात्रिका,सप्त मात्रिका ,गुरु,धरती माता आदि का आव्हान कर पूजन करावाया। इसके पश्चात हवन का आयोजन किया गया।जिसमे सभी देवताओं की आहुतिया समर्पित की गई। इस अवसर पर किशोर चौहान,प्रकाश स्वामी, राकेश, रविकांत,हैप्पी, अरुण,मनीष, पुनीत, शुभम,गजेंद्र, मनीष, वंश, बजरग लाल, मुरारीलाल खेमानी,आँचल सोनी, श्वेता, अन्नू, प्रियांशु, करण, बाबूलाल,राजनाथ महाराज़ राधा सहित नगर वासी व भक्त गण मौजूद रहे।



## कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज मेघवाल का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल को चूरू जिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने पर जय निवास पर ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान ट्रांसपोर्ट यूनियन के सांवरमल प्रजापत, साजिद गौरी, बाबूलाल यादव, जयप्रकाश पारीक, हनीफ गौरी, राजू मणियार, प्रेम प्रजापत, कांग्रेस नेता विधाधर बेनीवाल आदि मौजूद रहे। कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव पर मनोनीत बजरंग सेन का भी ट्रांसपोर्ट यूनियन द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।


## द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ ने की मेड़ता से बीकानेर नई ट्रेन चलाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर रतनगढ़ - डेगाना रेल खंड पर मेड़ता से बीकानेर वाया रतनगढ़, सुजानगढ़, डीडवाना, डेगाना नई ट्रेन शुरू किए जाने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है की क्षेत्र के अनेकानेक प्रवासी जो कि दक्षिण भारत क्षेत्र सहित महाराष्ट्र, गुजरात, बंगाल आदि राज्यों में अपना व्यापार कर रहे हैं, उनके लिए इस रेल खंड पर लंबी दूरी की नियमित गाड़ियां उपलब्ध नहीं होने से उन्हें जयपुर, बीकानेर जाकर अपनी यात्रा शुरू करनी पड़ती है। यदि मेड़ता बीकानेर ट्रेन शुरू की जाती है, तो सुजानगढ़, छापर, लाडनूं, डीडवाना के प्रवासी यात्री मेड़ता, डेगाना व रतनगढ़ से संचालित लंबी दूरी की गाड़ियों के मिलान से यात्रा आसानी से कर सकेंगे। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि चूंकि इस क्षेत्र से बीकानेर के लिए सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं है, जबकि मीटर गेज के दौरान सीधी ट्रेन संचालित होती थी, अतः ट्रेन के पुनः शुरू किए जाने से सालासर व देशनोक के श्रद्धालुओं, ताल छापर मृग अभयारण्य के पर्यटकों, जैन विश्व भारती लाडनूं के विद्यार्थियों, व्यापारी वर्ग व आमजन को यात्रा सुविधा मिल सकेगी। पत्र की प्रति उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के मुख्य परिचालन प्रबंधक, मुख्य यात्री व परिवहन प्रबंधक, मंडल रेलवे प्रबंधक जोधपुर व बीकानेर सहित चूरू सांसद राहुल कस्वां को प्रेषित की गई है।

## बुद्धिप्रकाश प्रजापत बने चुनाव अधिकारी

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अभिभाषक संघ सुजानगढ़ की बैठक का आयोजन अभिभाषक कक्ष में अध्यक्ष एडवोकेट गोवर्धनलाल चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बार संघ के चुनावों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। चुनाव कार्यक्रम 2025-26 के लिए बैठक में सर्वसम्मति से एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। इसी प्रकार सहायक चुनाव अधिकारी के तौर पर एडवोकेट मधु चोबदार, एडवोकेट दशरथसिंह को मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारियों ने बार संघ के चुनाव करवाने का जिम्मा संभाला। एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत ने बताया कि चुनाव के लिए मतदान 12 दिसम्बर को होना है, जिसके बारे में विस्तृत कार्यक्रम जारी होगा। बैठक के दौरान एडवोकेट अशोक पारीक, निरंजन सोनी, श्याम नारायण राठी, हरीश पारीक, राहुल देव शर्मा, एडवोकेट सुरेश शर्मा, मन्नालाल स्वामी, प्रदीप कठातला, भीमशंकर शर्मा, कुंभाराम आर्य सहित अनेक वकील मौजूद रहे।

## विधायक कोटे की सड़क में धांधली! घटिया निर्माण से बनते ही उखड़ी रतनसरा-खुडेरा मार्ग

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रतनसरा से खुडेरा छोटा के बीच नव-निर्मित सड़क में घटिया सामग्री के उपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। विधायक कोटे से स्वीकृत यह सड़क, जिसका निर्माण कार्य हाल ही में पूरा हुआ है, बनते ही उखड़ने लगी है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लग रहा है।

### घटिया सामग्री का उपयोग

जानकारी के अनुसार, रतनगढ़ विधायक कोटे से रतनसरा से खुडेरा छोटा तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली थी। इस परियोजना की कार्यकारी एजेंसी सार्वजनिक निर्माण विभाग रतनगढ़ है। विभाग ने यह निर्माण कार्य गौरी कंस्ट्रक्शन कंपनी, गोलसर को आवंटित किया था। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार कंपनी ने निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया और निम्न गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया। इसके परिणामस्वरूप, सड़क अपनी निर्माण अवधि पूरी होने से पहले ही जगह-जगह से उखड़ने लगी है, जिससे इसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है।



जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीण जनों ने अधिशाषी अधिकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग रतनगढ़ को इस गंभीर अनियमितता और घटिया निर्माण को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, रतनगढ़ को भी अवगत करवाया। ग्रामीणों ने मांग की है कि ठेकेदार द्वारा जनता के पैसों का जो दुरुपयोग घटिया सामग्री लगाकर किया गया है, उसकी तत्काल जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## लक्ष्मणगढ़ में पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ का भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** चुरु विधानसभा क्षेत्र से लगातार सात बार विधायक रहे एवं राजस्थान के कद्दावर नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ का होटल लक्ष्मी पैलेस में टीम भवानी सिंह खेड़ी, लक्ष्मणगढ़ द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। राठौड़ पंचायतों के पुनर्गठन के तहत सुभाष महरिया के फार्म हाउस पर आयोजित धन्यवाद सभा में शामिल होने जा रहे थे, इसी दौरान उनका भव्य स्वागत किया गया।भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भवानी सिंह खेड़ी ने राठौड़ का पुष्पगुच्छ, प्रतिमा, साफा एवं 51 किलो की फूलों की माला पहनाकर विशेष सत्कार किया। टीम के अन्य सदस्यों ने भी पुष्प भेंट कर उनका अभिनंदन किया। हरलाल सारण, चन्द्राराम गोरी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनका साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।इस अवसर पर राजपूत समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बगड़ी, महेंद्र सिंह ढोलास, उम्मेद सिंह ढोलास, नरपत सिंह डागरा, नटवर सिंह बागडोदिया, विप्र सेना अध्यक्ष लक्ष्मणगढ़ सचिन माटोलिया, आजाद सिंह हमीरपुरा, अभिषेक सिंह, कृष्ण सिंह शेखावत, प्रदीप सिंह भोजासर, मनोज बुडानिया, जितेंद्र सिंह रामसीसर, जयपाल सिंह ढोलास, तेजस फाउंडेशन के जयसिंह छींछास, अरविंद ओला, जयसिंह भोजासर, केके बठोठ, देवेश सिंह, इंद्राज सिंह, अमृत सिंह, विनोद सिंह गॉड, शक्ति पलनावा, रविन्द्र दिसनाउ, गुलाब सिंह, भीमसिंह छींछास, अंकित सिंह खेड़ी सहित बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भवानी सिंह खेड़ी ने सभी आगंतुको एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




## न्याय गौरव सम्मान कार्यक्रम में हुआ वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय माहे श्वरी भवन में न्याय गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन लॉयन्स क्लब द्वारा सेठ चिमनीराम जाजोदिया चेरीटेबल ट्रस्ट के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश डॉ. शरद कुमार व्यास रहे। जबकि बतौर विशिष्ट अतिथि एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी, न्यायाधीश विकास गजराज, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, एमजेएफ लॉयन रोशन सेठी, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट गावर्धनलाल चौधरी, लॉयन डॉ. एन एस नरूका, एडवोकेट निरंजन सोनी, एमजेएफ कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशान्त पारीक मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के कर अतिथियों ने किया। अधिवक्ता सम्मान एवं विधिक जागरूकता शिविर का भी आयोजन कार्यक्रम में शामिल रहा। स्वागत भाषण देते हुए प्रशांत पारीक ने समाज में वकीलों की महती भूमिका को रेखांकित किया। इसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट संतोष प्रजापत, पूसाराम सोनियासर, निरंजन सोनी, सुरेंद्र




मिश्रा, रामसिंह राठौड़, कुंभाराम आर्य, अशोक पारीक आदि ने अतिथियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने समाज में वकीलों की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही न्याय प्राप्त करने के लिए जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत अशोक जाजू, संजय गोयल, एडवोकेट रजनीकांत सोनी, रोहित शर्मा, मोनू बैदी, मुरली राठी, प्रशांत पारीक आदि ने माल्यार्पण से किया। इस अवसर पर जगदीश सिंह, डॉ. घनश्याम नाथ कछावा, गिरधर शर्मा, इमरान खान, राहुल शर्मा, बुद्धिप्रकाश प्रजापत, सूरजमल यादव, बसंती खेतान, सूरजमल प्रजापत आदि मौजूद रहे। संचालन रोहित शर्मा, चित्रा जगवानी, मोनिका सोनी ने किया।

## जाति पाति से उपर उठकर आमजन को जरूरतमन्द मनुष्य की सेवा करनी चाहिए- दयानाथ महाराज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** देपालसर रोड़ स्थित मधुर स्पेशल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को स्वर्गीय लक्ष्मणराम महला की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर मूर्ति अनावरण समारोह आयोजित किया गया। सचिव अंजू नेहरा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदासर के महंत दयानाथ महाराज, मौलीसर बणीधाम के महंत स्वामी कृपाचार्य महाराज व दौसा के बालकनाथ महाराज ने मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पहले अतिथियों का माल्यार्पण कर दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। गिरधारीलाल नेहरा ने स्वर्गीय लक्ष्मणराम महला की जीवनी पर प्रकाष डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उदासर के महंत दयानाथ महाराज ने कहा कि जाति पाति से उपर उठकर आमजन को जरूरतमन्द मनुष्य की सेवा करनी चाहिए। वही मोलीसर बणीधाम के स्वामी कृपाचार्य महाराज ने कहा कि व्यक्ति को नशे की प्रवृति से दूर रहना चाहिए और हर व्यक्ति को स्वर्गीय लक्ष्मण राम महला द्वारा किए गए अच्छे कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। अतिथियों ने मधुर स्पेशल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान की जमीन के दानदाता हनीफ खान नशवाण को लक्ष्मण राम महला प्रथम स्मृति पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर बच्चों व राजलदेसर की कलाकार द्वारा कालबेलिया नृत्य की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कर्माबाई जाट महिला संस्था की अध्यक्ष अलका चौधरी, ब्रह्माकुमारी सुमन, दौलतराम सहाराण भगवानराम जाखड़, हनुमान महला, अश्वनी महला, रामलाल, कुम्भाराम, प्रेम स्वामी, गोपीराम महला, शिवलाल सिहाग, दलिप सरावग, डॉ सत्यनारायण झाझड़िया, जसवीर गोदारा, प्रो डीसी सहारण, प्रो एचआर इसराण, रणवीर सिंह सहारण, इलियास खान नसवान, गिरधारी लाल नेहरा, गिरधारी तंवर सहित अनेक महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रमेश सोनी ने किया सचिव अंजू नेहरा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## उपभोक्ता संरक्षण की मेरुदण्ड अधिवक्ता समुदाय हैः मील

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील के नेतृत्व में 30 दिवसीय Consumers Voice न्यायोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस 2025 के उपलक्ष्य में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं जिला अभिभाषक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 'उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरूकता में अधिवक्तागण का अतुलनीय योगदान' विषयक संगोष्ठी बुधवार को आयोजित हुई। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने सम्बोधित करते हुए कहा कि उपभोक्ता संरक्षण की मेरुदण्ड अधिवक्ता समुदाय है। जिस प्रकार से डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने देश का नेतृत्व समानतामुलक शासन व्यवस्था लागू कर आम भारतीय के अधिकारों को संरक्षण दिलाने में मुख्य भूमिका निभाई है। वैसे ही वर्तमान समय में अधिवक्ता समुदाय को उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरूकता के लिए पहल करने की महत्ती आवश्यकता है। मील ने जिला अभिभाषक संस्था के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि पीड़ित उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय दिलाने में सकारात्मक भूमिका निभाएं। मील ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम केवल शिकायतों के निस्तारण का कानून नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों की रक्षा करने में सशक्त न्यायिक व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की भूमिका केवल वकालत तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को न्याय दिलाने और सही जानकारी उपलब्ध कराने में उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी है। जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष




एडवोकेट सुभाष पूनियां ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हरेक परिस्थितियों में अधिवक्ता समुदाय सजगता से पीड़ितों को न्याय दिलाने में हमेशा अग्रणी रहा है। उपभोक्ता संरक्षण के लिए उपभोक्ता आयोग द्वारा की जाने वाली नई पहल में पूरा सहयोग किया जायेगा। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए एडवोकेट भगवान सिंह शेखावत ने अधिवक्ता समुदाय की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि शासन व्यवस्था से पीड़ितों को राहत दिलाना अधिवक्ता का दायित्व है। जिसे अधिवक्ता समुदाय हमेशा निभाता आ रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अभिभाषक संस्था के पूर्व अध्यक्ष बिरजू सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि देश कि आजादी एवं संविधान निर्माण में अधिवक्ताओं का अतुलनीय योगदान रहा है। वर्तमान समय में भी सीमाओं से परे जाकर भी अधिवक्ता समुदाय की एकता की आवाज़ में हरेक अधिवक्ता हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है। जिला अभिभाषक संस्था के सचिव पवन कुमार धौलपुरिया ने आभार व्यक्त किया।

## अन्तर्राष्ट्र दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिलें के सर्वश्रेष्ठ विशेष योगयजनों एवं विशेष योगयजनों के कल्याणार्थ क्षेत्र में कार्यरत व्यक्त्तितो को जिला स्तर सम्मानित करने हेतु समारोह का आयोजन

### अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर झुंझुनूं में हुआ सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 2025 के अवसर पर बुधवार को शहीद रामदेव करणीराम पार्क में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग झुंझुनूं तथा राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भांबू रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी ने की। विशिष्ठ अतिथियों में सीएमएचओ छोटेलाल गुर्जर, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन पूनिया, विजय गोपाल मोटासरा एवं संस्थान के अध्यक्ष पृथ्वीराज गुर्जर शामिल रहे। समारोह में जिले के श्रेष्ठ दिव्यांगजन खिलाड़ियों सचिन वर्मा, पवन कुमार शर्मा एवं विमल कुमार को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दिव्यांगजन कल्याण हेतु महत्वपूर्ण कार्य करने वाले व्यक्तियों महेश कुमार (चाइल्डलाइन समन्वयक), होशियार सिंह (परमहंस दिव्यांग सेवा संस्था) एवं विनोद सैनी (आशा का झरना) को भी प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को सहायक




उपकरण वितरित किए गए। वहीं राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान की ओर से मेधावी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि व स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए। उपस्थित दिव्यांगजनों को रजाईं, गद्दे, गर्म वस्त्र, कोट एवं जूते आदि सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक पात्रजन लाभ लें। उन्होंने जिले में दिव्यांगजनों के लिए बाधामुक्त वातावरण सुनिश्चित करने हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने जिले में दिव्यांगजनों हेतु यूडीआईडी कार्ड बनवाने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए हेल्पलाइन नंबर एवं अपना व्हाट्सएप नंबर उपलब्ध कराया, जिससे किसी भी दिव्यांगजन को प्रक्रिया में समस्या नहीं आए। पीरामल फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों को समावेशी शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं स्कूली शिक्षा संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई।,

# 7 पंचायतों में 2.45 करोड़ रूपए की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, भाजपा नेताओं का ग्रामीणों ने किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जिला परिषद व पंचायत समिति के द्वारा करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण नोवें चरण में भी जारी रहा। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने अपने कोष से रायपुरा पंचायत में 3.08 लाख की लागत से 2 सार्वजनिक कुंड, पंचायत बरजांगसर में 19.98 लाख की लागत से 2 नालों का निर्माण करवाया है। वहीं प्रधान निर्मला राजपुरोहित नें अपने कोष से पंचायत बुकनसर बड़ा में 39.42 लाख, पिचकराई ताल में 7.50 लाख, रायपुरा में 64.33 लाख, सावर में 15.22 लाख, जैतसीसर में 14.93 लाख, साडासर में 19.94 लाख और बरजांगसर में 60.39 लाख के जरूरत के विभिन्न विकास कार्य करवाएं। इन विकास कार्यों में मुख्यतः नाला निर्माण, कक्षा-कक्ष निर्माण, इंटरलोक सड़क निर्माण, टिन शेड निर्माण, सीसी सड़क निर्माण, खरंजा निर्माण, खुर्रा निर्माण, खेल मैदान मय स्टेडियम जैसे निर्माण कार्य शामिल है। जिला परिषद व पंचायत समिति के द्वारा करवाए गए 2.45 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, प्रधान प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, भूमि विकास बैंक चेयरमैन ईश्वरराम डूडी, डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, एड. श्योकरण पोटलिया, पस समिति सदस्य श्यामलाल शर्मा, रामनिवास पारीक, हिरालाल बेनीवाल, दशरथ सिंह देराजसर, मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह राठौड़, भाजयुमो महामंत्री गुरू धानका सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा नेताओं नें किया। लोकार्पण करने पहुंचे भाजपा नेताओं का ग्रामीणों द्वारा ढ़ोल बजाकर व पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। मंचस्थ अतिथियों का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। सड़क हादसे में शहीद हुए खेजड़ा निवासी आर्मी जवान तखुराम बाना के घर चल रही सांत्वना बैठक में सभी भाजपा नेताओं ने शामिल होकर जवान तखुराम को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गांव बुकनसर बड़ा के पंचायत भवन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहा कि भाजपा की रीति-नीति में केवल ओर केवल विकास है। भाजपा के सुशासन और लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के विराट नेतृत्व में भारत एक नया अध्याय लिख रहा है। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि लोकार्पण करना हमारा उद्देश्य नहीं बल्कि कार्यकाल पूरा कर आपसे मिलना जरूरी था। राजपुरोहित ने कहा कि हमारे कार्यकाल में हमनें आपके लिए अच्छा किया है तों हमें आशीर्वाद जरूर दें। विकास कार्यों में कोई कसर रहीं है तों उसके लिए माफ़ी मांगने आये है। इस अवसर पर नोरा देवी, श्रवण कुमार शर्मा, मंजू देवी, सीता स्वामी, रजिया बानो, विनोद देवी, मोनिका, हरदयाल गुरड़ा, कविता, नवाब अली, चेतराम स्वामी, शिवलाल मास्टर, लालचंद स्वामी, इंद्राज भाकर, भरत सिंह, फतेहसिंह भाटी, चंद्रवीर सिंह, भागीरथ नाई, बैदसिंह भाटी, भागाराम सुथार, सुरेन्द्र सिंह, हड़मान, सेवाराम सहित सेंकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।




## चेक बाउंस मामले में फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह ने कार्रवाई करते हुए पिछले 10 साल से चेक बाउंस मामले में फरार चल रहे आरोपी गांधी चौक के पास निवासी 58 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र माणकचंद सोनी को अशोक स्तंभ के पास से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चुरु पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में जिला स्पेशल पुलिस टीम का गठन किया गया है। इसी कड़ी में जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह ने कार्रवाई करते हुए पिछले 10 साल से चेक बाउंस मामले में फरार चल रहे आरोपी ओमप्रकाश सोनी को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



## विद्यार्थियों को वितरण किए स्वेटर



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** निकटवर्ती ग्राम ढाणी मुनीम जी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह प्रेरक राम सिंह शेखावत की प्रेरणा से भामाशाह लूणाराम गुर्जर द्वारा स्वेटर वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि उपनिदेशक गोविंद सिंह राठौड़, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत चोटिया व कार्यक्रम अध्यक्ष लूणाराम गुर्जर रहे। इस अवसर पर उपनिदेशक गोविंद सिंह राठौड़ ने छात्र एवं अध्यापकों को सबोधित करते हुए शिक्षा में नवाचार व अध्यापकों की भूमिका के बारे में बताया अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत चोटिया ने जीवन मे दान के महत्व को बताते हुए ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ निर्मला,अशरफ अली, राधेश्याम गुर्जर ,सांवरमल गुर्जर,महावीर ढाका, अशोक गुर्जर, सुनील गुर्जर,भाविक गुर्जर,सुभाष गुर्जर आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन नियाज अली द्वारा किया गया। अंत मे प्रधानाध्यापक रामसिंह शेखावत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

## अवैध शराब बिक्री के दो मामलों में आरोपी को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** चूरू जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेडकांस्टेबल मंगलसिंह ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बिक्री के दो मामलों में 6 साल से फरार चल रहे वार्ड 4 निवासी 33 वर्षीय मोहम्मद फारूक अली पुत्र रोशन अली को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि चुरु एसपी जय यादव के निर्देशन पर पिछले लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को लगातार गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी मोहम्मद फारूक अवैध शराब बिक्री के दो मामलों में 6 साल से फरार चल रहा था। जिसको रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय आदेश के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी अब पुलिस से कितना भी बचे जिला स्पेशल पुलिस टीम जल्द उनको गिरफ्तार करेगी। उन्होंने कहा कि चूरू जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव का मुख्य उद्देश्य जिले को अपराधियों से मुक्त करना है।



## झुंझुनूं रोडवेज बस डिपो कर रही सरकार के नियमों का उल्लघंन



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ रोडवेज बस डिपो से सीकर जाने वालीं झुंझुनूं बस डिपो में यात्री लगातार खड़े नज़र आतें हैं लोकल बस सर्विस के लिए कन्डेक्टर ने मना कर दिया। जबकि ये बस झुंझुनूं बस डिपो की है लोकल सवारी जों की बेरी, दादिया, कटराथल की सवारी की भी सीकर की टीकट काटी गई। बस चालक ने केबिन में यात्रियों को बैठाने के लिए मना किया। और कहां मुझ पर मुकदमा दर्ज है कैबिन में यात्रियों को बैठाने पर। बुधवार को प्रातः 10:40 को रोडवेज बस डिपो से रवाना होकर सीकर जाती है। बस में महिला कन्डेक्टर से जब वार्ता की तों उन्होंने कहा कि हम लोकल सवारी को नहीं बिठाऊंगा। महिला कन्डेक्टर दिक्षा ने कहा युनिवर्सिटी हमें परेशान करने के लिए सरकार ने बना दी है एक यात्री से अभद्र भाषा से वार्ता की। एक विधार्थी शेखावाटी विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए जाएं तो कैसे जाएं। रोडवेज बस डिपो में ऐसी परेशानी रोज़ एक विधार्थी को झेलनी पड़ती है।

## जनभागीदारी से चलने वाला एक महत्त्वपूर्ण आंदोलन है स्वच्छता अभियान- राठौड़

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने चूरू नगरपरिषद मुख्यालय स्थित पंखा सर्किल पर सार्वजनिक शौचालय का किया लोकार्पण, घर, घर कचरा संग्रहण हेतु 35 ऑटो टिपरों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

चूरूः नगरपरिषद मुख्यालय स्थित पंखा सर्किल पर बुधवार को पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी चन्दनमल बहड़ सर्किल के पास चूरू नगरपरिषद द्वारा 34 लाख की लागत से नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा घर, घर कचरा संग्रहण हेतु 35 नए ऑटो टिपरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि नगरपरिषद द्वारा शहरवासियों की सुविधा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए लगातार जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। नए ऑटो टिपर और सार्वजनिक शौचालय की सुविधा से स्वच्छता अभियान को नई गति मिलेगी तथा शहर का पर्यावरण और भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को साकार करते हुए हम स्वच्छ, स्वस्थ व सुंदर चूरू बनाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने जा रहे है और इन दो वर्षो में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से चलने वाला एक महत्त्वपूर्ण आंदोलन है। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद की इस पहल से चूरू शहर स्वच्छता की दिशा में नई मिसाल कायम करेगा। चूरूवासी शहर को स्वच्छ रखने में प्रत्येक नागरिक आगे आए और शहर में कचरा पृथकीकरण और स्वच्छता बनाए रखने में पूरा सहयोग दें। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि शहर के विकास के लिए स्वच्छता सबसे पहला कदम है। नए ऑटो टिपरों के आने से घर, घर कचरा संग्रहण व्यवस्था और सुदृढ़ होगी, जिससे शहर का वातावरण स्वच्छ व स्वस्थ रहेगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि प्रशासन शहरों की सभी आवश्यक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सार्वजनिक शौचालय और कचरा संग्रहण व्यवस्था के लिए नए ऑटो टिपरों से जनसुविधाएं और बेहतर होंगी। नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि चूरू नगरपरिषद शहर में स्वच्छता और सफाई व्यवस्था को नई तकनीक और बेहतर प्रबंधन के साथ आगे बढ़ा रही है। इस दौरान जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, बसंत शर्मा, चंद्राराम गुरी, भास्कर शर्मा, विमला गढ़वाल, सुशील लाटा, अभिषेक चोटिया, नरेन्द्र काछवाल, विक्रम कोटवाद, मोहन गढ़वाल, सुरेश सारस्वत, धर्मेंद्र राकसिया, श्रीराम पीपलवा, पूर्णिमा यादव, सुनील, इरफान खान, सत्तार खान, नरेन्द्र कंवल, अख्तर खान, महेश मिश्रा, आकाश सैनी, सुरेश मिश्रा सहित शहरवासी मौजूद रहे। संचालन रवि दाधीच ने किया।




## श्री कृष्ण गौशाला में मनाया जन्मदिन एक नई पहल

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ में पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी नवलगढ़ बंशीधर सैनी ने अपने पौत्र भरत का पहला जन्मदिन कृष्ण गोपाल गौशाला जहां पर असहाय,ज़ख्मी एवं घायलगायों, जीवों के बीच गो सवामणी करके मनायाद्य गोपालक भैरव सिंह ने बताया कि इस तरह का जन्मदिन मनाना समाज में एक मिसाल बनती है और आम नागरिकों से निवेदन है कि आप भी बेटे का जन्मदिन पोते का जन्मदिन शादी की सालगिरह आदि यहां आकर इन जीवों के बीच में मनाए जिससे समाज में बहुत बड़ा एक संदेश जाएगा इस अवसर पर फूलचंद सैनी, रेलवे सलाहकार सदस्य मुरली मनोहर चोबदार,सुल्तान सैनी, गोवर्धन सिंह, शिशुपाल कुल्हारी, नागरमल बालोदा, सज्जन, संपत सैनी एक्सन, संतोष, मोनिका, सोनू, सरोज देवी मौजूद रहे।



## ईओ संजू खोड ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा



जयपुर टाइम्स

**रतननगर(निसं.)।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देश पर तथा नगरपालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर के नेतृत्व में रतननगर नगरपालिका की नव नियुक्त अधिशाषी अधिकारी संजू खोड ने बुधवार को लगातार दुसरे दिन प्रातः 08:00 बजे से 10:00 बजे तक शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और स्वच्छता सैनानियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होनें स्वच्छता सैनानियों को निर्देश दिए कि स्वच्छ चूरू, स्वच्छ रतननगर की तर्ज पर शहर की सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। जो समय रहते पूर्ण की जानी है। उन्होनें कहा कि स्वच्छता सैनानी शहर की रीढ़ की हड्डी होती है और हड्डी मजबूत होगी तो शहर स्वच्छ एवं स्वस्थ नजर आयेगा। इसलिए टीम भावना अपनाते हुए सफाई व्यवस्था को दुरूस्त बनाये रखने में अपना पूर्ण सहयोग करें इसके लिए नगरपालिका की ओर से आपको हर संभव सहायता की जायेगी। उन्होनें समस्त नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर के आस-पास कचरा न फैलायें कचरा निर्धारित स्थान या कचरा पात्र में ही डाले ताकि स्वच्छता सैनानी उसे वहां से एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर डाल कर आ सकें। इससे न केवल आपकी गली, मोहल्ला बीमारियों से मुक्त और स्वच्छ दिखाई देखा बल्कि शहर की सुंदरता भी अलग ही दिखाई देगी। अभियान के दौरान मंगलवार को शहर के मुख्य बाजारो, मार्गो में सफाई अभियान चलाकर सफाई करवाई गई वहीं बुधवार को वार्ड नं. 08 में करीब आधा दर्जन गलियों की नालियों एवं रास्तों की सफाई की गई। उन्होनें बताया कि उनका मूल उद्देश्य सर्वप्रथम शहर को स्वच्छ बनाना है इसके लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान पार्षद ओमप्रकाश जांगिड़ सहित जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहें।


**कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, बीदासर (चूरू) राज0**

E-Mail :nagarpalikabidasar@gmail.com Phone No. : 01560 – 262028

क्रमांक–नपाबी / 2025–26 / 2817 दिनांक – 01.12.2025

**निविदा सूचना**

नगरपालिका बीदासर द्वारा 06 कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। राज्य सरकार के निर्देषानुसार राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम –2012 व नियम–2013 की पालना में निम्नांकित कार्यो हेतु दिनांक 08.12.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक विक्रय की जाकर उसी दिन दोपहर 01.00 बजे तक जमा ली जावेगी एवं उसी दिन दोपहर 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित शुल्क व अमानता राशि की नकद रसीद प्राप्त करने पर/ डी.डी. अद्योहस्ताक्षरकर्ता अधिषाशी अधिकारी नगरपालिका बीदासर के नाम जमा करवाने पर ही निविदा विक्रय की जावेगी। उक्त निविदा सूचना (http://www.sppp.raj.nic.in) बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

NIB Code- DLB2526A8657
UBN NO-DLB2526WSOB25917 UBN NO-DLB2526WSOB25918
UBN NO-DLB2526WSOB25919 UBN NO-DLB2526WSOB25920
UBN NO-DLB2526WSOB25921 UBN NO-DLB2526WSOB25922

अध्यक्ष, नगरपालिका मण्डल,बीदासर — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका,बीदासर

राज.संवाद / सी / 25 / 15080

राजस्थान–सरकार

**कार्यालय नगरपरिषद चूरू (राज0)**

राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल के पास, चूरू :– 331001

दूरभाष :– 01562–250318 ई–मेल :– npchuru@gmail.com

क्रमांक :– न.प.चूरू / विकास शाखा / 2025–26 / 19067233 दिनांक :– 27.11.2025

**ई–निविदा सूचना 74 वर्ष 2025–26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद, द्वारा 06 कार्यों की निविदा आईडी नम्बर **DLB2526A8489** आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।

UBN Code :- DLB2526GLOB25465, DLB2526WSOB25470, 25471, 25473, 25475, 25478

राज.संवाद / सी / 25 / 15046 आयुक्त, नगरपरिषद, चूरू

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु / विकास शाखा / 2025 / 8837 दिनांक :– 28.11.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों / फर्मस से निविदा दिनांक 05.12.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 05.12.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक–(DLB2526WSOB25550) कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त, नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद / सी / 25 / 15041

**कार्यालय :- अधीक्षक, राजकीय डी.बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone :- 01562-250333

क्रमांक:- लेखा/निविदा/2025/3505 दिनांक :- 28-11-2025

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा / अनुवन्ध किया जाना है। अतः इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मों/डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दो रूपों में निविदा प्रस्ताव यथा - तकनीकी प्रस्ताव व वित्तीय प्रस्ताव हेतु मुहरबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित है। निविदा की शर्ते, निविदा शुल्क, अमानत राशि, अनुमानित लागत, ई निविदा प्रपत्र विक्रय / डाउनलोड कर प्रस्तुत करने / निविदा खोलने की तिथि व समय इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय कार्य दिवस / समय में और वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखनें /डाउनलोड करनें हेतु अपलोड कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | मेडिकल ऑक्सीजन सिलेण्डर रिफिलिंग कर सप्लाई हेतु | MHS2526SSOB05282 |

अधीक्षक, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

DIPR/C/17803/2025

राजस्थान सरकार

**कार्यालय उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग जिला चूरू**

आयकर कार्यालय के पास शेखावत कॉलोनी सड़क, चूरू (राजस्थान)

E-MAIL- daochuru@gmail.com dao.chu.ayu@rajasthan.gov.in Telephone No. 01562-250146

क्रमांक- स्टोर/आरोग्य मेला 2025 / 4734-37 दिनांकः- 3/12/25

**खुली निविदा संख्या 13 / 2025**

निदेशालय आयुर्वेद विभाग, अजमेर के पत्रांक प. 2 / लेखा - 1 / आरोग्य मेला / बजट / 2025-26/03829 दिनांक 29.10.2025 द्वारा जारी निर्देशानुसार संभाग स्तरीय आरोग्य मेला जिला चूरु मुख्यालय पर दिनांक 25.12.2025 से 28.12.2025 तक पुलिस लाईन ग्राउण्ड, चूरु के पास आयोजित किया जाना है। मेले हेतु टेंट व्यवस्था हेतु दिनांक 10.12.2025 तक उप निदेशक आयुर्वेद विभाग चूरा द्वारा मोहरबन्द लिफाफों में बोलियाँ आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | विवरण | अनुमानित मूल्य | बिड प्रपत्र शुल्क (GST 18' सहित) | बोली प्रतिभूति घोषणा (2') | कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि (5') | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टेंट व्यवस्था (बिजली तथा साउण्ड सिस्टम सहित) | 500000/- | 590+90=590 | 10000/- | 25000/- | 10.12.2025 को प्रातः 11 बजे | 10.12.2025 को दोपहर 3 बजे |

**बिड की शर्तें -**

1. बिड प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बोलियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. बिड सील बंद लिफाफे में, जिसके ऊपर संबंधित बिड का विवरण ' टेंट व्यवस्था, बिजली तथा साउण्ड सिस्टम के लिए निविदा अंकित हो, कार्यालय उप निदेशक आयुर्वेद विभाग चूरू में दिनांक 10.12.2025 को प्रातः 11 बजे तक पहुँच जानी चाहिए। प्राप्त बिड को दिनांक को दोपहर 3 बजे से उपस्थित विडदाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष चूरू में खोली जायेगी।

(डॉ. सत्यवीर सिंह )
उप निदेशक

# हिरानी गौशाला संचालक के खिलाफ युवकों ने कुचामन उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन

### बीमार वह लाचार गोवंश को गौशाला में अनुमति नहीं देने का लगाया आरोप

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** ग्राम पंचायत हिराणी व खारिया की गोचर भूमि में श्री गोपाल गौशाला स्थित है जिसके संचालक अरवणराम पीपलोदा है और इसकी कार्यकारिणी में भी उसने अपने रिश्तेदारों और मिलने वालों को ही सदस्य बनाया हुआ है। ग्राम पंचायत हिराणी व खारिया में कई लावारिश बीमार व बेसहारा गायें व गौवंश है जिनको ग्रामवासियों द्वारा गौशाला में डालने के लिये संचालक से अपील की जाती है तो यह व्यक्ति ग्रामवासियों के साथ गालीगलौच व हाथापाई पर उतर जाता है। पूर्व में भी यह व्यक्ति कई लोगों से झगड़ा व मुकदमें बाजी कर चुका है। सरकार के द्वारा दिये जाने वाले अनुदान के अलावा ग्रामवासियों व दानदाताओं द्वारा भरपूर चंदा दिया जाता है साथ ही दूध व अन्य उत्पाद से भी गौशाला को आय हो रही है गौशाला द्वारा कुचामन सिटीमें दो मिठाई की दुकानें भी संचालित हो रही है इन सबसे आने वाली आय का यह व्यक्ति दुरूपयोग कर रहा हैहर महीने की अमावस व पूर्णिमा को हिराणी खारिया के अलावा कुचामन से भी गौशाला द्वारा संचालित ट्रेक्टरों व अन्य साधनों से अनाज व चंदा इकटठा किया जाता है जिसमें ग्राम वासियों द्वारा भरपूर सहयोग दिया जा रहा है। समय-समय पर इनामी कूपन योजना सें भी लोगों को भ्रमित करके धन इकटठा करके उसका दुरूपयोग कर रहा है। गौचर भूमि लावारिश बीमार व बेसहारा गायों व गौवंश के चरने लिये छोड़ी हुई थी जिस पर पहला हक उक्त ग्राम पंचायतों की लावारिश बीमार व बेसहारा गायों व गौवश है जिस पर इस व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है गौशाला संचालक अवणराम पीपलोदा को पाबन्द करके लावारिश बीमार व बेसहारा गायों व गौवंश को भी गोशाला में पनाह मिलनी चाहिए। इस मौके पर करण सिंह,रमेश कलकला, घीसू सिंह राजपुरोहित,सागर सिंह,मनीष प्रजापत, दशरथ सिंह, मुकेश वैष्णव,सोनू शर्मा,उगम सिंह राजपुरोहित, मनीष शर्मा,मिश्री शर्मा , अंकित शर्मा कुकनवाली,सोहन गुर्जर, अशोक शर्मा ,सुरजीत सिंह सहित सैकड़ो ग्राम वासी मौजूद रहे



## साइबर जागरुकता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ आयोजित




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार महीने के प्रथम बुधवार के दिन साइबर जागरूकता दिवस के रूप में मनाए जाने के क्रम में आज थाना बाड़ी से थानाधिकारी देवेंद्र शर्मा पुलिस निरीक्षक एवं थाना बाड़ी के साइबर डेस्क प्रभारी वेदांत शर्मा द्वारा आदर्श विद्या मंदिर बाड़ी में छात्र-छात्राओं को साइबर जागरूकता के संबंध में कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया गया। जिसमें बच्चों को ओएलएक्स फ्रॉड, सोशल मीडिया से संबंधित फ्रॉड, सेक्सटार्सन, साइबर हेल्पलाइन 1930, एपीके फाइल, बैंकिंग फ्रॉड इत्यादि के संबंध में जागरूक किया गया तथा मोबाइल चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के संदर्भ में अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों के अलावा प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा एवं थाना बाड़ी से थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा पुलिस निरीक्षक एवं थाना बाड़ी से साइबर डेस्क प्रभारी वेदांत शर्मा एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## स्कूल मैं तीन अध्यापकों के बीच 52 विद्यार्थी 16 बच्चे ही आते हैं रोजाना स्कूल



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा उपखंड के अंदर ग्राम जगमोहन के पूरा में प्राथमिक विद्यालय में इस वक्त तीन अध्यापक कार्यरत हैं इस प्राथमिक विद्यालय में केवल 52 बच्चे ही नामांकित हैं जिनमें से ही 16 बच्चे रोजाना स्कूल आते हैं स्कूल पहुंचने पर स्कूल में मिले अध्यापक पंकज ने बताया की 52 विद्यार्थी स्कूल में नामांकित है लेकिन इतने ही बच्चे 16 बच्चे रोजाना आते हैं बात बाकी बच्चे स्कूल नहीं आते हैं स्कूल के अंदर अध्यापकों के पूछे जाने पर स्कूल में मौजूद मिले अध्यापक पंकज ने बताया कि एक अध्यापक वृंदावन नामक जो बी एल ओ जो एस आई आर के कार्य में लगे हुए हैं वहां गए हैं तथा प्रधानाध्यापक प्रेम सिंह मीणा पंचायत मुख्यालय पर उच्च माध्यमिक विद्यालय में उस जमा करने गए हुए हैं इस विद्यालय में एमडीएम बनाने वाली दो महिला भी कार्यरत हैं सवाल इस बात का है कि जहां स्कूलों में बच्चे हैं वह अध्यापकों की कमी है और जहां बच्चे नहीं है वहां मन तीन तीन अध्यापक लगे हुए हैं क्या जिला शिक्षा अधिकारी विद्यालय में अनुपस्थित रह रहे 26 बच्चों के अभिवाबकौ से संपर्क करने अध्यापकों को निर्देशित करेंगे कि वह अपने छोटे-छोटे बच्चों को नियमित स्कूल से भेजने का कार्य करें

## कैसे होगा कौशल का विकास जिला कौशल समन्वयक को ही नहीं है योजनाओं की जानकारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान कौशल आजीविका विकास निगम जिसके द्वारा राजस्थान सरकार और केंद्र सरकार की कौशल विकास से संबंधित योजनाओं के अंतर्गत जिलेभर में कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से राज्य एवं केंद्र के विभिन्न योजनाओं के केंद्र स्थापित करवा कर जिले के बेरोजगार एवं जरूरतमंद युवक युवतियों को कौशल विकास की योजनाओं से जोड़ा जाता हैं और समय समय पर मॉनिटरिंग कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता का निर्धारण किया जाता हैं राजस्थान कौशल आजीविका विकास निगम के नव नियुक्त जिला कौशल समन्वयक भरतसिंह से आज जिला कार्यालय जाकर योजनाओं की जानकारी ली तो जिला कौशल समन्वयक ना तो योजनाओं के बारे में ही जानकारी दे पाए ना ही विभाग की आगामी कार्ययोजना को ही बता पाए धौलपुर जिला राजस्थान के आशान्वित जिला है जहां सरकार की मंशा के अनुरूप कुशल एवं दक्ष जिला कौशल समन्वयक की आवश्यकता है जो जिले की भौगोलिक और सामाजिक व्यवस्था से भलीभांति परिचित हो और आमजन की जरूरत के अनुसार कौशल विकास हेतु कोर्स का चयन कर सरकार से ऐसे कोर्स के कौशल विकास केंद्र स्थापित करवाने की मांग रखी जा सके जिससे जिले के बेरोजगार एवं जरूरतमंद युवक युवतियों को लाभ दिलाया जा सके अगर राजस्थान कौशल आजीविका विकास निगम ऐसे गैर अनुभवी कौशल समन्वयक के भरोसे जिले की जिम्मेदारी देगा तो कैसे होगा जिले में कौशल का विकास कैसे मिलेगा युवाओं को रोजगार।



## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिले में मयूरी विशेष विद्यालय में जिला स्तरीय समारोह का मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। जिले में विशेष, योग्यजनों व्यक्तियों एवं संस्थाओं के रूप में विशिष्ट कार्य करने के लिए नीतेश पुत्र देवेन्द्र कुमार एवं प्रज्ञा शर्मा पुत्री अनिल कुमार शर्मा को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मयूरी सेवा मूकबधिर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने जिले के विशेषयोग्यजनों, मयूरी विशेष विद्यालय के मूकबधिर बच्चो एवं अन्य को विशेष योग्यजनों के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विशेषयोग्यजन समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस मौके पर मयूरी सेवा संस्थान के संस्थापक डॉ. राधेश्याम गर्ग एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्मिक, विशेष योग्यजन, मयूरी विशेष विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।



## जिले में आदतन अपराधियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, अपराधी रहेंगे पुलिस के रडार पर

**एसपी विकास सांगवान ने पिछले माह नवम्बर में 24 आदतन अपराधियों की ओपन की हिस्ट्रीशीट**

**24 नये आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने के बाद पुलिस रखेगी निगरानी**



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जयपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा भरतपुर महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द विश्नोई आईपीएस के निर्देशन में धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार के सुपरविजन में जिला पुलिस अपराधियों, असामाजिक तत्वों एवं आदतन अपराधियों के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही कर रही है। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के नेतृत्व में जिले में आदतन अपराधियों पर कड़ा शिंकजा कसते हुए 24 व्यक्तियों की हिस्ट्रीशीट ओपन कर अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा उक्त सभी 24 आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट ओपन कर सम्बंधित थानाधिकारियों को इनकी हिस्ट्रीशीट पत्रावली ओपन कर गतिविधियों पर निगरानी रखने के निर्देश दिये गये है। नवम्बर 2025 से पूर्व जिले में 215 आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट पत्रावलियां ओपन थी। नवम्बर माह में 24 नये आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट ओपन होने के बाद वर्तमान में जिले में 239 आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट ओपन है।

## देश का गौरव थे डॉ. राजेंद्र प्रसादः दया कांत सक्सेना

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर हुए संगोष्ठी व माल्यार्पण कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा द्वारा बुधवार को हरदेव नगर स्थित कार्यालय पर भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर की गई। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दया कांत सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद देश का गौरव थे। वे न केवल स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने, बल्कि संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने देश की बुनियाद को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। साधारण परिवार में जन्म लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना और देश के सर्वोच्च पद तक पहुँचना उनकी तपस्या, ईमानदारी और समर्पण का प्रतीक है। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना पूरे राष्ट्र के लिए गौरव की बात है। महासभा के सचिव अशोक कुलश्रेष्ठ ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि 'डॉ. राजेंद्र प्रसाद भले ही कायस्थ समाज में जन्मे हों, लेकिन जो व्यक्ति राष्ट्र के सर्वोच्च पद तक पहुँचता है, वह किसी एक जाति या बिरादरी का नहीं, पूरे देश की धरोहर होता है।' कार्यक्रम को मुकेश सक्सेना ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रामेंद्र वर्मा, राजीव सक्सेना, योगेश कांत सक्सेना, मनीष श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक व महासभा पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम अंत में राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।



## सोनू यादव बने कांग्रेस ओबीसी के जिला अध्यक्ष, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा , राजस्थान प्रदेश कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के चेयरमैन हरसहाय यादव के द्वारा बाड़ी निवासी सोनू यादव को ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनाया। इस मौके पर सोनू यादव ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मैं कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. अनिल जय हिंद , राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा , राजस्थान प्रदेश कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ चेयरमैन हरसहाय यादव , सांसद भजनलाल जाटव, राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा, धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा , बसेड़ी विधायक एवं धौलपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय जाटव , बाड़ी विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत परमार एवं कांग्रेस सेवादल धौलपुर जिलाध्यक्ष, समृद्धि दीक्षित , यंग ब्रिगेड जिला उपाध्यक्ष परवेज पठान का आभार व्यक्त करता हूँ। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मुझ पर जो विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया गया है, उसे मैं अपनी सेवा, प्रतिबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा से पूर्ण रूप से सार्थक करने का संकल्प दोहराता हूँ। यह नियुक्ति केवल मेरी नहीं, बल्कि उन सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की है, जिन्होंने संगठन को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया है। इस मौके पर सोनू यादव को जिला अध्यक्ष बनाए जाने की खुशी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत सम्मान किया कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष धौलपुर बनबारी जाटव ,परवेज पठान, नरेंद्र यादव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शकील कुरैशी, जगदीश पहाड़िया, जगन्नाथ पहाड़िया, महादेवा मीणा केशव मीणा, प्रदीप अवस्थी, योगेश अग्रवाल, लोकेंद्र कंडेरा, दीपक पराशर एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



## पोसवाल को भाजपा में प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर युवाओं में खुशी की लहर



**जमवारामगढ** पोसवाल को भाजपा में प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर खुशी की जमुवारामगढ़ तहसील में सीताराम पोसवाल को भाजपा की नई गठित प्रदेश कार्य करने में प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर युवाओं में खुशी की लहर है सीताराम पोसवाल ने बताया कि प्रदेश मंत्री बने पर बनाए जाने पर वह शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं साथ ही आमजन की जो भी समस्याएं हैं उनका तुरंत समाधान करेंगे वह संबंधी समस्याओं को सरकार से अवगत कराएंगे जिससे आमजन की समस्याओं का तुरंत समाधान हो सके साथी कहां की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकासशील से विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है वह विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है खुशी की लहर के समय मनीष गुर्जर दीपक शर्मा मनीष पंचोली अंकित शर्मा मोहन अनिल मोहनलाल मीणा रवि मीणा रघुराज महावर राहुल शर्मा सोनू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निहालगंज पुलिस ने लूट के दो आरोपियों का जुलूस निकालकर आमजन में विश्वास तथा अपराधियों में डर और भय का दिया संदेश

**धौलपुर।** निहालगंज थाना पुलिस ने लूट के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों का सिर मुंडवाकर शहर में जुलूस निकाला और उन्हें पैदल कोर्ट तक लेकर गई। ज्ञात हो कि 30 नवंबर 2025 को गेंदापुरा, सरमथुरा निवासी कल्याण सिंह (40) ने निहालगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह वर्तमान में ओंडेला, सदर के निवासी हैं तथा तीन लड़कों ने उनके साथ मारपीट कर 14,000 रुपए छीन लिए थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वृत्ताधिकारी (शहर) कृष्णराज जांगिड़ के पर्यवेक्षण में व थानाधिकारी अमित शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू की। गहन जांच के बाद पुलिस ने 2 दिसंबर, 2025 को दो मुख्य आरोपियों मोहित (20) पुत्र कमलसिंह जाटव और उत्तम (20) पुत्र रामबाबू जाटव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद बुधवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पेशी से पहले निहालगंज पुलिस दोनों आरोपियों के सिर मुंडवाकर उन्हें थाने से कोर्ट तक जुलूस के रूप में पैदल लेकर गई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बुचारा, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड़)**

क्रमांक :- ग्रा.पं.बु/निविदा/2025-26/98 दिनांक : 02.12.2025

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत बुचारा में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए.बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड वर्ष) कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी-शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN=
ZJP2526WSRC01925, ZJP2526WSRC01923, ZJP2526WSRC01924
ZJP2526WSRC01926, ZJP2526WSRC01927

ग्राम विकास अधिकारी
पंचायत समिति पावटा

प्रशासक
पंचायत समिति पावटा

## फील्ड स्तर की निगरानी को और सुदृढ़ करने के दिए निर्देश-सीईओ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक का मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजन किया। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में मुख्य रूप से पीएम स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, एसएमएसएसएस योजना सहित अन्य प्रमुख बिंदु एवं प्रगति पर चर्चा की। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति एवं फील्ड स्तर की निगरानी को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम एवं कानूनी प्रावधानों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बाल विवाह के सामाजिक एवं कानूनी प्रभाव, किशोरावस्था में विवाह के दुष्प्रभाव, तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने गांवों, स्कूल, आंगनबाड़ी एवं समुदाय स्तर पर जन-जागरूकता अभियानों को और अधिक मजबूत करने का निर्णय लिया जिससे बाल विवाह को जड़ से समाप्त किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह से संबंधित आईईसी सूचना, शिक्षा एवं संचार सामग्री भी वितरित की गई, जिससे जन-हितैषी संदेश व्यापक स्तर पर समुदाय तक पहुँचे और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा मिल सके। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य संबद्ध कार्मिक उपस्थित रहे।




## विवाहिता ने कुएं में गिरकर की आत्महत्या

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा उपखंड के ग्राम पंचायत बसई घीयाराम के ग्राम दगरा में 30 वर्षीय विवाहित मुनेश पत्नी अचल सिंह जाति जाटव ने पास में बने ही एक कुएं में गिरकर आत्महत्या कर ली जिसने अपने पीछे एक लड़का चार वर्ष एक लड़की डेढ़ वर्ष की छोड़ी है मृतिका का पति अचल सिंह दिल्ली में मार्बल टाइल का काम करता था जो कि इस समय दिल्ली में ही था जिसको फोन पर सूचना दी गई तो वह राजाखेड़ा अस्पताल में ही पहुचा जहां अपनी पत्नी मुनेश अस्पताल की मोर्चरी में रखी मिली मुनेश एवं उसकी छोटी बहन तनु दोनों बहनों की शादी दगरा ग्राम में ही अचल सिंह एवं प्रवीण के लिए शादी हुई थी अचल सिंह का छोटा भाई प्रवीण गांव में खेती-बाड़ी का कार्य करता है जिसके पास दो लड़की एक लड़का है विस्तृत सूत्रों से जानकारी मिली है कि छोटे-छोटे बच्चों के कारण दोनों बहनों में वाद विवाद झगड़ा हो गया था इसके बाद में ही मुनेश ने पास में बने हुए में छलांग लगा दी साथ ही परिजनों के द्वारा थाने में लिखित दी गई तहसील में मुनेश का कुएं में पैर फिसलने से गिरना बताया गया है मुनेश के सब का पोस्टमार्टम करा कर सब परिजनों के सुपुर्द किया गया है पुलिस द्वारा अनुसंधान जारी है

**OFFICE OF THE PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.NO: PS-SBR/2025-26/181-1/1840 DATE: 02/12/2025

**INVITATION OF TENDER 2025-26**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractors/persons for One painting/writing work at P.S. Sambhar Lake (Jaipur).
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in
UBIN: ZJP2526WSOB01902

BDO
Panchayat Samiti
Sambhar Lake

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोविन्दपुरा धाबाई**

क्रमांक :- ग्रापं ./2025-26/53 दिनांक: - 01.12.2025

**निविदा**

ग्राम पंचायत गोविन्दपुरा धाबाई पंचायत समिति विराटनगर द्वारा इच्छुक पंजीकृत फर्मो / संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। UBN NO. ZJP2526WSLB01904 निविदा से सम्बन्धित से विस्तृत विवरण वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गोविन्दपुरा धाबाई
पं. स. विराटनगर (जयपुर) राज.

प्रशासक
ग्राम पंचायत गोविन्दपुरा धाबाई
पं. स. विराटनगर (जयपुर) राज.

## शत प्रतिशत डिजिटिलाइजेशन का लक्ष्य करने वाले बीएलओ का हुआ सम्मान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र मालवीय नगर ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। पर्यवेक्षक कैलाश वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी 10 बूथ लेवल अधिकारियों ने निर्धारित समय सीमा से पहले शत प्रतिशत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया, जिसे उत्कृष्ट टीम वर्क और प्रभावी पर्यवेक्षण का परिणाम माना जा रहा है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र मालवीय नगर सुभाष महरिया ने इस उपलब्धि पर पर्यवेक्षक कैलाश वर्मा एवं उनकी टीम के सभी बीएलओ को बधाई दी। उन्होंने टीम के समर्पण, अनुशासन एवं समयबद्धता की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किय महरिया ने कहा कि यह सफलता निर्वाचन कार्यों में निष्ठा, नेतृत्व क्षमता एवं सामूहिक प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी चरणों में भी सभी टीमें इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य करती रहेंगी, जिससे मतदाता सूची को और अधिक सटीक, अद्यतन एवं सुव्यवस्थित बनाने में सहायता मिलेगी। निर्वाचन विभाग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय सीमा को ध्यान में रखते हुए सभी पर्यवेक्षकों और बीएलओ को पूरी तत्परता, जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया गया है।

## दहेज के लिए प्रताड़ित आरोपी गिरफतार

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)** पुलिस थाना में तीन वर्ष पूर्व दहेज प्रताड़ना के मामले में फरार चल रहे 36 वर्षीय आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित एवं फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआई गौरव खिड़िया की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दहेज प्रताड़ना के आरोप में तीन साल से फरार 36 वर्षीय अनवर कुरैशी निवासी रतनगढ़ हाल निवासी महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया है, जिसे अब न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## राजकीय जालान महाविद्यालय में अनेक कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** राजकीय जालान कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस मौके पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सुशील त्यागी ने की। कार्यक्रम संयोजिका डॉ रेखा शर्मा ने छात्राओं को इस कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया। प्रो सुशीला चौधरी ने महिला उत्पीड़न विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत एकल गायन, युगल गायन, मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। एक गायन में प्रथम मोनिका प्रजापत, द्वितीय ममता गोदारा व तृतीय ललिता, युगल गायन में प्रथम मोनिका, निकिता, रचना व विजयश्री, द्वितीय ललिता, मोनिका एवं मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम नीलम, द्वितीय कोमल व तृतीय स्थान पर मोनिका रही। प्रतियोगिता में डॉ आशाकुमारी वर्मा, डॉ मरियम बानो, प्रो सुशीला चौधरी निर्णायक थी। इस मौके पर डॉ धनराज पांडिया, प्रो शैलेष, मनीषा, प्रियंका, वीणा सुथार, शिल्पा कड़वा सहित कई छात्राएं उपस्थित थी।

## विश्व अधिवक्ता दिवस मनाया

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)** लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट के तत्वावधान में विश्व अधिवक्ता दिवस के अवसर पर बुधवार को अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया। क्लब के अध्यक्ष प्रदीप धर्ड, मनोज जोशी, मोहम्मद अनवर कुरैशी व एडवोकेट संजय कटारिया ने अधिवक्ता विनोद नोहाल, मनीष जोशी, पूर्णिमा लढ़ा का सम्मान किया। इसके अलावा एडवोकेट रामावतार पारीक, घनश्यामचंद्र सोनी, मुरलीधर सोनी, माणकचंद जोशी, मनीष शर्मा, देवेंद्र चोटिया, रोहिताश, कांता स्वामी का घर पहुंचकर क्लब के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## युवक की फंदे पर झूलने से मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सूर्यभगवान मंदिर के पीछे स्थित एक किराये के घर में रहने वाले युवक ने फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार पड़िहारा के निवासी मनीष पुत्र भगवानाराम मेघवाल, उम्र करीब 30 साल, जो मजदूरी का कार्य करता था, ने कमरे में फंदे पर झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं घटना की जानकारी होने पर पत्नी ने हल्ला किया, उसके बाद युवक को नीचे उतारकर बगड़िया अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

# जयपुर कलेक्ट्रेट में बम की सूचना, कलेक्ट्रेट परिसर को नहीं करवाया खाली

### बीडीएस और एटीएस की टीमों ने जिलाधीश परिसर और आसपास के इलाके में सर्च अभियान को दिया अंजाम, तलाशी में कुछ भी नहीं मिला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिलाधीश कार्यालय में बुधवार को बम की सूचना मिलने के बाद एटीएस और बीडीएस की टीम मौके पर पहुंची और जिलाधीश परिसर और आसपास के इलाके में तलाशी अभियान को अंजाम दिया कई देर तक सघन तलाशी अभियान के बाद जब जांच टीमों को कुछ भी नहीं मिला तो फिर उन्होंने मेल से जो जिलाधीश कार्यालय में बम होने की सूचना आई थी उसको गलत करार दिया लेकिन यहां बड़ा सवाल यही खड़ा हुआ है कि आखिर बम की सूचना मिलने के बाद भी मौके पर पहुंची एटीएस और बीडीएस की टीमों ने जिलाधीश परिसर को खाली क्यों नहीं करवाया जबकि जिलाधीश कार्यालय में खुद कलेक्टर अतिरिक्त कलेक्टर को कलेक्टर पुलिस उपयुक्त तथा कई अन्य





सरकारी विभागों के दफ्तर हैं इसके अलावा यहां बड़ी संख्या में वकीलों और आमजन का भी जमावड़ा लगा रहता है इसके बावजूद भी जिलाधीश परिसर को खाली नहीं करवाया गया यह कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है जबकि पिछले अप्रैल महीने में भी यहां बम होने की सूचना दी गई थी जिसके बाद पूरे जिलाधीश परिसर को खाली करवा लिया गया था और काफी देर तक यहां पर तलाशी अभियान को अंजाम दिया गया हालांकि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी लेकिन कुछ लोगों का यह भी कहना है कि भले ही तलाशी में कुछ भी नहीं मिला हो लेकिन यह घटना अगर सच होती तो बड़ा हादसा भी हो सकता है क्योंकि जिलाधीश कार्यालय में हमेशा बड़ी संख्या में लोग और सरकारी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहते हैं ऐसे में बम होने की इस तरह की सूचना को हल्के में नहीं लिया जा सकता जानकारी के अनुसार एकदम होने संबंधी बम होने संबंधी जो मेल आया था उस मेल की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है मेल कहां से आया और किसने किया इसके बारे में पुलिस की जांच पड़ताल खबर लिखे जाने तक जारी थी उल्लेखनीय है कि जयपुर में सरकारी संस्थाओं निजी स्कूलों और यहां तक की मुख्यमंत्री आवास में बम होने की फर्जी सूचना पिछले कुछ दिनों में कई बार सामने आई है हर बार पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचती है और मौके पर काफी देर तक तलाशी अभियान को अंजाम भी दिया जाता है लेकिन मौके पर कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली इस तरह के मामलों में पुलिस ने कई बार इस तरह की फर्जी सूचना देने के मामले में लोगों को गिरफ्तार भी किया है कुछ मौका पर जेल में बंद कैदियों की ओर से भी इस तरह की सूचना भेजी गई लेकिन बुधवार को जयपुर जिलाधीश कार्यालय में बम की सूचना मिलने पर पुलिस के मौके पर पहुंचने और फिर वहां पर जिलाधीश कार्यालय को खाली करवाए बिना वहां सघन तलाशी अभियान को अंजाम देना पुलिस के कार्यशैली पर कहीं ना कहीं सवाल जरूर खड़े कर रहा है ।

## एसआईआर चुनाव आयोग का ऐतिहासिक कार्यक्रम, सुप्रीम कोर्ट ने भी किया स्वीकार : राजेंद्र सिंह राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि चुनाव आयोग की ओर से संपादित किया जा रहा मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य ऐतिहासिक कार्य है और यह कार्य चुनाव आयोग नियम नीति और सिद्धांतों के तहत करवा रहा है इस कार्य में सुप्रीम कोर्ट ने भी हस्तक्षेप करने से साफ मना किया है उन्होंने कहा कि राजस्थान ही नहीं बल्कि देश में कहीं पर भी मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य पर किसी भी तरह की कोई आपत्ति या शिकायत लोगों की ओर से नहीं की जा रही सिर्फ कांग्रेस पार्टी इसका विरोध कर रही है क्योंकि बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद अब कांग्रेस पार्टी के नेताओं की हिम्मत जवाब दे गई है और उनकी हताशा उनके चेहरे और जुबान पर साफ दिख रही है इसलिए सिर्फ अपनी घबराहट को छुपाने और खुद को पब्लिक में बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग के इस ऐतिहासिक कार्य पर सवाल खड़े कर रहे हैं लेकिन देश की जनता का चुनाव आयुक्त पर पूरा आशीर्वाद है और चुनाव आयोग के इस कार्य को देश की जनता ने स्वीकार भी किया है और देश की जनता पूरी तरह से इस कार्य में अपना सहयोग दे रही है उन्होंने कहा कि बिहार में भी कांग्रेस पार्टी ने मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य पर हो हल्ला मचाया था बाद में जब विधानसभा के चुनाव के नतीजे आए तो चुनाव के नतीजे ने यह बता दिया कि बिहार की जनता ने भी चुनाव आयोग के मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को सही माना और उन्होंने कांग्रेस पार्टी की ओर से फैलाए गए भ्रामक प्रचार को गलत करार दिया राठौर ने कहा कि चुनाव आयोग के इस कार्य को लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी आपत्ति दर्ज करवाई गई लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के इस कार्य को स्वीकार किया और इस कार्य में हस्तक्षेप करने से साफ मना कर दिया उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है लोकतांत्रिक देश में भारत का नागरिक ही वोट डाल सकता है घुसपैठियो को वोट डालने का यहां कोई अधिकार नहीं है राठौर ने कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य में वास्तविक मतदाता का नाम शामिल किया जा रहा है और घुसपैठियों मतदाता को सूची से हटाया जा रहा है इस कार्य में पता नहीं क्यों कांग्रेस पार्टी के पेट में दर्द हो रहा है

## *पंचायत और नगर निकायों का परिसीमनः गहलोत सरकार की गलतियों को दूर करना जरूरी थाः चतुर्वेदी*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मंत्री और राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पिछली गहलोत सरकार ने सिर्फ अपने राजनीतिक स्वार्थ और फायदे के लिए पंचायत राज संस्थाओं और नगर निकायों का परिसीमन किया था जिसमें कई तरह की भयंकर गलतियां थी जिसका खामियाजा प्रदेश के लोगों को भुगतना पड़ रहा था इसलिए पिछली सरकार की गलतियों को दूर करने के लिए भजनलाल सरकार ने पंचायत पंचायत समितियां और नगर निकायों का परिसीमन करवाया है परिसीमन कि इस कार्रवाई में सरकार ने संबंधित सभी लोगों से आवश्यक सुझाव और आपत्ती मांगी और सामूहिक चर्चा और निर्णय के बाद ही पंचायत राज संस्थाओं और नगर निकायों का परिसीमन किया गया है जो प्रदेश के विकास के लिए और प्रदेश के लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए काफी लाभदायक साबित होगा द्य एक सवाल के जवाब में चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार खुद पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव करवाने को लेकर तैयार है लेकिन बीच में ओबीसी आयोग की रिपोर्ट का नहीं आना और चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य शुरू होने इस तरह की प्रक्रियाओं के कारण चुनाव नहीं हो पा रहे अब कोर्ट ने आगामी अप्रैल माह तक सभी पक्षों को अपना कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं इसलिए निर्वाचन विभाग चुनाव संबंधी सभी तरह के कार्य पूरे होने के बाद चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश के लोगों का कांग्रेस से विश्वास उठ चुका है इस बात को खुद कांग्रेस पार्टी के नेता भी जानते हैं राजस्थान में भजनलाल सरकार और केंद्र में मोदी सरकार ने शानदार और ऐतिहासिक कार्य हर क्षेत्र में किए हैं प्रदेश में पिछले 2 साल में हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है बड़े-बड़े निर्णय बड़े-बड़े फैसले लिए गए हैं जिनके अच्छे परिणाम सामने आने लगे हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी को राजस्थान में और केंद्र में कोई मुद्दा नहीं मिल रहा इसलिए बेवजह के मुद्दे संसद में उठा रही है संसद में संसद के कार्य को बेवजह बाधित कर रही है और देश की जनता में चुनाव आयोग को लेकर भ्रम फैला रही है जो ठीक नहीं है एक अन्य सवाल के जवाब में राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि उनका पूरा प्रयास और फोकस रहेगा की प्रदेश की ग्राम पंचायत और नगर निकायों के इनकम के स्रोत बढ़ाएं जाएं तथा ग्राम पंचायत को विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा पैसा मिले इसके लिए उनके विशेष प्रयास रहेंगे ।

## तोदी महाविद्यालय में व्याख्यान हुआ आयोजित



### विद्यार्थियों को मिली नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से सोमवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रोग्राम्ड सेल डेथ जैसी जटिल वैज्ञानिक प्रक्रिया की गहन एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना था।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विकास पारिक ने शिरकत की। उन्होंने अपोप्टोसिस की जैविक प्रक्रिया, उसके महत्व तथा नवीनतम अनुसंधानों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। डॉ. पारिक ने विषय को उदाहरणों एवं सरल वैज्ञानिक भाषा के माध्यम से समझाते हुए विद्यार्थियों को नई जानकारियाँ प्रदान कीं, जिससे उनका ज्ञानवर्धन हुआ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन छात्रों को शोध एवं उच्च अध्ययन के लिए प्रेरित करते हैं। इस सफल आयोजन का संचालन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र कांटिया एवं सुशील कुमार टाक ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधक प्रमेन्दर सिंह शेखावत, सचिव ए. के. शर्मा, विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ. आनंद शर्मा, समस्त स्टाफ सदस्य तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक व्याख्यान में भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

## किशनगढ़ एयरपोर्ट का विस्तार होने से मार्बल उद्योग से जुड़े लोगों में खुशी की लहर, जश्न का माहौल

### केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय विमानन मंत्री और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद व्यापित किया




जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** किशनगढ़ एयरपोर्ट के समुचित विस्तार और विकास को गति देने के लिए प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से 15 एकड़ जमीन निशुल्क देने के निर्णय पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने खुशी जताई है तो दूसरी तरफ किशनगढ़ एयरपोर्ट का विकास और विस्तार होने से मार्बल उद्योग से जुड़े लोगों में खुशी की लहर छा गई है और मार्बल उद्योग से जुड़े लोग आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मना रहे हैं केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी जो अजमेर के सांसद हैं उनके चेहरे पर भी खुशी साफ नजर आई और उन्होंने किशनगढ़ एयरपोर्ट का विस्तार और विकास करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय विमानन मंत्री और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया है और कहा है कि उनके इस निर्णय से अजमेर वासी भी खूब खुश हैं और इस ऐतिहासिक निर्णय से किशनगढ़ के मार्बल उद्योग से जुड़े लोगों को तो काफी फायदा होगा ही इसके अलावा अन्य व्यापार और कारोबार करने वाले लोगों को भी खूब फायदा होगा भागीरथ चौधरी ने कहा कि अजमेर में बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक हर साल घूमने आते हैं इसके अलावा पुष्कर देश और विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है इसलिए किशनगढ़ एयरपोर्ट का विस्तार होने से यहां पर उड़ानों में भी बढ़ोतरी होगी जो निश्चित रूप से मार्बल उद्योग से जुड़े लोगों के अलावा पर्यटन और अन्य कारोबार से जुड़े लोगों को आवागमन में काफी सुविधा रहेगी उन्होंने कहा कि किशनगढ़ एयरपोर्ट का विस्तार होने से जयपुर एयरपोर्ट को भी फायदा होगा क्योंकि कई बार जयपुर एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग कई कारण की वजह से नहीं हो पाती इस अवस्था में किशनगढ़ में विमान की लैंडिंग करवाने में आसानी होगी ।

# हगामे के साथ पालिका बैठक सम्पन्न

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)** नगरपालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत की अध्यक्षता में नगरपालिका मंडल की बैठक बुधवार की दोपहर हुई। बैठक में विधायक पूसाराम गोदारा, पालिका ईओ डॉ सहदेव चारण सहित लगभग पक्ष-विपक्ष के लगभग पार्षद उपलब्ध थे। जैसे ही बैठक शुरू हुई। गत बैठक की प्रोसेडिंग की प्रति पार्षदों को उपलब्ध नहीं करवाने पर कुछ पार्षदों ने हंगामा किया, जिस पर गत बैठक की प्रोसेडिंग की प्रति उपलब्ध करवाई गई। कांग्रेस पार्षद अरविंद चाकलान व प्रतिपक्ष नेता लालचंद प्रजापत ने बैठक में कहा कि शहर के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जिन सड़कों को नगरपालिका ने पूर्व में स्वीकृत कर बजट आवंटन कर दिया था, उन सड़कों को भाजपा सरकार ने काफी दिनों तक रोके रखा और अब सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए पूर्व विधायक एवं भाजपा के लोग वार्डों में जाकर यह जताने का प्रयास कर रहे हैं कि यह सड़के उनके द्वारा स्वीकृत करवाई गई है, जबकि ये सभी सड़के समस्त पार्षदों की मांग पर जनहित में पालिका कोष से बनाई जा रही है। पालिका प्रशासन को इस पर संज्ञान लेना चाहिए, जबाब में पालिका ईओ चारण ने कहा कि पालिका के स्तर पर किसी भी सड़क का उदघाटन एवं शुभारंभ नहीं किया गया है। जो सड़के बनी है, उनके प्रोटॉकोल के तहत शिलापट्?ट लगाए जाएंगे। भाजपा पार्षद रामकिशन माटोलिया ने नालियों पर लगाए जा रहे घटिया क्वालिटी के फेरा कवर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आए दिन फेरा कवर टूट रहे हैं तथा लोग चोटिल हो रहे हैं। साथ ही जो सड़कों का निर्माण हो रहा है, वह जी शेड्यूल के अनुसार नहीं करवाया जा रहा है। माटोलिया ने अग्रसेन भवन के पास बने शुलभ कॉम्पलेक्स को नियमित रूप से खुला रखने की मांग भी की। बैठक में पालिका उपाध्यक्ष शाहरूख खान, पार्षद नंदकिशोर भार्गव, मुखत्यार खान, पुरूषोत्तम इंदौरिया, मनोज सोनी, युधिष्ठर जोशी, अब्बास गौरी, राजेश गहलोत, शशि गौड़, मांगीलाल प्रजापत, नूर मोहम्मद, निखिल इंदौरिया, रामगोपाल चौधरी, श्रवण सैनी, ने भी विभिन्न समस्याओं को लेकर सदन का ध्यान आकर्षित करवाते हुए समाधान की मांग की। बैठक में नेहरू स्टेडियम में हुए विकास कार्य के बाद हैंडओवर व रखरखाव, नगरपालिका भवन बनाने एवं अस्थाई कार्यालय टाउन हॉल में शिफ्ट करने, ईओ व कर्मचारियों के आवास भवन के निर्माण, वार्षिक टैंडर करने पर विचार, बड़े कचरा पात्र खरीदने के लिए टैंडर निकालने, पालिका में जमादार के पद स्वीकृत करवाने एवं हनुमान नगर कॉलोनी के शेष भूखंडों की निलामी के मुद्दों पर सदन में चर्चा हुई, जिसमें भू खंडों की निलामी को छोड़कर सभी प्रस्ताव सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किए। इस अवसर पर पार्षदों सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।